हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 4 जुलाई, 2025


तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


12 पुलगांव से ठगड़ाबांध व महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन, भेजा प्रस्ताव





13 तरीघाट मुक्तिधाम में नहीं है शेड, बारिश में परेशान होते हैं शोकाकुल परिजन






स्कूलों की बदली तस्वीर

# जिन 56 शालाओं में सिर्फ एक शिक्षक पढ़ा रहे थे, वहां अब बच्चों को दो शिक्षक पढ़ाएंगे

## युक्तियुक्तकरण के बाद शिक्षकों की हुई पदस्थापना, जिला शिक्षा विभाग से जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले के 56 एकल शिक्षकीय स्कूलों की तस्वीर बदली है। शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में ही यहां अब दो-दो शिक्षक पदस्थ किए गए हैं। पहले बच्चों को एक शिक्षक ही पढ़ाई करवा रहा था। जिसकी वजह से बच्चों की पढ़ाई और रिजल्ट प्रभावित हो रही थी। इनमें ज्यादातर वे स्कूल थे जहां ग्रामीण बच्चों की पढ़ाई की दिक्कतों को देखते हुए नए स्कूल खोल दिए गए थे। युक्तियुक्तकरण होने के बाद इन स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना की गई है।

### अब 103 शिक्षक पढ़ाएंगे बच्चों को

जिले के दुर्ग, पाटन एवं धमधा विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों को पहले कुल 56 शिक्षक कार्यरत थे। युक्तियुक्तकरण काउंसिलिंग के उपरांत यह संख्या बढ़कर 103 हो गई है। दुर्ग ब्लॉक में 16 प्राथमिक एकल शिक्षकीय स्कूलों में 32 शिक्षक भेजे गए हैं। पाटन ब्लॉक के 18 एकल शिक्षकीय स्कूल में 36 शिक्षक और धमधा ब्लॉक के 20 एकल शिक्षकीय स्कूलों में 40 शिक्षक हो गए हैं।

### धमधा में 100 से ज्यादा बच्चों के लिए भी नहीं थे शिक्षक

### 42 बच्चों को पढ़ा रहे थे एक शिक्षक

पाटन विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला रीवागहन की दर्ज संख्या 42 है। यहां के बच्चों को एक शिक्षक पढ़ा रहा था। शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर में 32 बच्चे पढ़ते हैं और एक शिक्षक थे। प्राथमिक शाला डगनिया (दर्ज संख्या 19) में पहले केवल एक-एक शिक्षक पदस्थ थे। युक्तियुक्तकरण के बाद अब इन स्कूलों में बच्चों की संख्या के अनुसार एक-एक शिक्षक की नियमित पदस्थापना की गई है। इसी प्रकार, शासकीय प्राथमिक शाला कौही, डीह, देवादा, पहंडोर, भाठापारा कौही, कुम्हली, बालक प्राथमिक शाला जामगांव एम, विश्वबैंक कॉलोनी, पाहंदा झा, इ.न.चीचा, जामगांव आर, रेंगाकठेरा, शुक्लाडीह, अक्तई, करगा और गातापार जैसी प्राथमिक शालाओं में पूर्व में केवल एक-एक शिक्षक कार्यरत थे। काउंसिलिंग के पश्चात अब इन स्कूलों में दो-दो शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।



### दुर्ग ब्लॉक के इन स्कूलों में दो शिक्षक

दुर्ग विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा, केलाबाड़ी, औद्योगिक क्षेत्र बोरई, भाठपारा उतई, बोरसी, आबादीपारा जंजगिरी, शासकीय प्राथमिक शाला सुभाष बाम्बे आवास उरला, नवीन बजरंगनगर उरला, मचान्दुर, बासिन, अछोटीभाठा, शासकीय प्राथमिक शाला श्रमिक नगर छावनी, मासाभाठ, मालूद, चंदखुरीभाठा, बाड़ीपारा पीसेगांव के प्राथमिक शालाओं में दो-दो शिक्षकों को काउंसलिंग उपरांत पदस्थ किया गया है।

### स्कूलों का संचालन बेहतर होगा

"राज्य के निर्देशानुसार हमारी पहली प्राथमिकता एकल शिक्षकीय स्कूल रही है। वहां हमने सबसे पहले शिक्षक भेजें है ताकि स्कूल का संचालन बेहतर ढ़ग से किया जा सके।
**- अरविंद कुमार मिश्रा**
डीईओ दुर्ग

धमधा ब्लॉक सबसे ज्यादा प्रभावित रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला पाहरा में 106 बच्चे पढ़ते हैं। इसी तरह ओटेबंध की दर्ज संख्या 105 है। इतने बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की बेहद कमी थी। अब यहां भी टीचर मिले हैं। परसकोल स्कूल में 93 और पेन्ड्रावन में 87 बच्चों वाले स्कूलों में शिक्षक मिले हैं। ,कंदई (दर्ज संख्या 75), परसदा में (दर्ज संख्या 72), खर्रा (दर्ज संख्या 66), करेली (दर्ज संख्या 62), मुड़पार घोटिया(दर्ज संख्या 54), सहगांव(दर्ज संख्या 42), सुरजीडीह(दर्ज संख्या 40), खेरधी(दर्ज संख्या 33), चिखला (दर्ज संख्या 20), तुमाखुर्द(दर्ज संख्या 18), नवीन तुमाखुर्द (दर्ज संख्या 16), डोंगरिया (दर्ज संख्या 12) बसनी, पेड्री घोटिया, भिभौरी, सुखरीखुर्द स्कूलों में पहले एक-एक शिक्षक थे, अब दो-दो शिक्षक पदस्थ किए गए है।

## खबर संक्षेप

### रंजिश के कारण चाकू से हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत मिलपारा में आपसी रंजिश के कारण आरोपियों ने अमित देवदास से मारपीट की। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में शरद देवदास 26 वर्ष ने मामले की शिकायत की। उसने बताया कि वह गौरा चौरा वार्ड-37 का रहने वाला है। उसका रिश्ते में भाई अमित देवदास जिला अस्पताल में भर्ती है। उसने बताया कि उसने पुकार नामक युवक की बाइक को दो दिन पहले ली थी। वापस करने गया तो उसने चाबी वापस करने पर इतने दिन बाद बाइक दे रहा है कहकर गाली गलौच शुरू कर दी। पुकार के साथी माछी उर्फ मुकेश साहू एवं अन्य ने धारदार वस्तु से हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। नाबालिग सहित आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### शराब बेचने के फिराक वाला युवक पकड़ाया



**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत पावर हाउस के आसपास शराब बेचने के फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी का नाम राहीम पिता सगीर अहमद उम्र 20 वर्ष बताया गया है। वह खुर्सीपार सेक्टर 11 खुर्सीपार का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 70 पौवा शोले देशी मसाला शराब जब्त की है। शराब की कीमत 7 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने एक्टिवा सीजी 07 सीडब्लू- 9299 भी जब्त की है। पुलिस ने आरोपी को नूरी बुक डिपो के पास से पकड़ा। आरोपियों ने दो बोरियों में शराब को भरकर रखा था। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

लापरवाही: गोकुल नगर में वर्ष 2017 से किया जा रहा निर्माण, ठेकेदार काम छोड़कर भागा

# गरीबों का सपना खंडहर में तब्दील

## पीएम आवास के 12 करोड़ बर्बाद, न नाली बनी न रोड खिड़कियां-दरवाजे हो गए चोरी, देखने वाला कोई नहीं

राहुल शर्मा ▶▶दुर्ग

दुर्ग शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवासों का बुरा हाल है। गरीबों के आशीयान का सपना लचर प्रशासनिक व्यवस्था और लापरवाही के चलते बर्बाद हो गया है। गोकुल नगर में 12 करोड़ रुपए की लागत से वर्ष 2017 में 336 मकानों का निर्माण स्वीकृत किया गया। काम भी शुरू किया गया, लेकिन यह काम आज भी अधूरा है। न नालियों का निर्माण हो पाया है, न ही एप्रोच रोड बन पाया है। खिड़कियां जहां चोरी हो चुकी है, वहीं अधूरे निर्माण के कारण इन मकानों में संदिग्ध गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इतना ही नहीं आवास कबाड़ में तब्दील हो रहे हैं। हालात यह है कि, अधूरा निर्माण अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। खास बात यह है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को दुर्ग निगम के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। बावजूद इसके कहीं किसी प्रकार की कार्रवाई जिम्मेदारों पर नहीं की गई है। जानकारी अनुसार पुलगांव में बनाए जा रहे मकानों का काम बीएसबीके फर्म को सौंपा गया है। यह वहीं कार्य एजेंसी है, जिसे गणपति विहार में भी काम दिया गया। इस तरह एक ही ठेकेदार को दो साइड का काम दिए जाने से अब तक एक भी साइड का कार्य पूर्ण नहीं हुआ हैं।

खास खबर



### शहर में बने 700 में 500 मकान का आवंटन नहीं



पीएम आवास योजना के तहत मां कर्मा बोरसी में 108 मकान, फार्चून हाईट पोटियाकला में 36 मकान, गोकुल नगर पुलगांव में 336 मकान, गणपति विहार बोरसी में 108 मकान और सरस्वती नगर में 522 और पोटियाकला वार्ड में 116 मकान बनाए गए है। पुलगांव को छोड़ सभी मकान बनकर तैयार है। इसमें पुलगांव के 336 मकान निर्माणाधीन है। वही सरस्वती नगर में 450 मकान खाली हैं, गणपति विहार में दस और कर्मा बोरसी में पचास मकान खाली है। इस तरह बनाए गए सात सौ मकान में पांच सौ मकानों का आबंटन ही नही हुआ है।

### आवासों का पूरा स्ट्रक्टर तैयार महीनों से काम बंद

जानकारी के मुताबिक पुलगांव वार्ड में गौठान के पास 336 मकानों का निर्माण वर्ष 2017-18 में किया गया था। वर्तमान में यहां नाली और एप्रोच रोड का निर्माण ही नहीं किया गया है। हालांकि मकान का पूरा स्ट्रक्चर बनकर तैयार है। इसमें लोहे की खिड़कियां गायब हो चुकी है। यहीं नहीं आउटर और सुनसान इलाका होने के कारण यहां आसामाजिक तत्वों का ढेरा व मयखाना में यह बिल्डिंग तब्दील हो गया है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस अधूरा निर्माण को पूरा करने के लिए कोई कदम उठाए हो, अफसरों ने बताया कि इसका निर्माण भिलाई के बीएसबीके फर्म को दिया गया था। लेकिन ठेकेदार ने पूरा निर्माण करने के बजाया अनुबंध का ही उल्लंघन कर दिया है।

### एप्रोच रोड का हाल बेहाल, देखरेख नहीं

पुलगांव वार्ड बालोद रोड के अंदर गौठान तक जाने वाला एप्रोच रोड का भी बुरा हाल है। जबकि यहां पुलिस क्वार्टर और आईटीआई कॉलेज भी है। इसके बाद भी यहां के एप्रोच रोड का बुरा हाल हैं। जगह-जगह गड्ढे होने के कारण यहां से गुजरना मुश्किल है। बालोद रोड से होकर करीब डेढ किमी अंदर ही पीएम आवास निर्माण हो रहा है। कई बार नगर निगम द्वारा इस रोड को बनाने प्रस्ताव तैयार किया गया, लेकिन काम शुरू नहीं हुआ है।

### किराएदारों की स्कीम भी नहीं आई काम

नगरनिगम में पीएम आवास (एएचपी) बनाने का उछेश्य अतिक्रमण हटाने के बाद प्रभावित का व्यवस्थापन कराना था। इन्हें महज 75 हजार में आवंटन करना था। लेकिन ऐसे हितग्राही सामने नही आए। जिसके चलते इन मकानों को किराएदानों को किस्तों में आबंटन करने की योजना बनाई गई थी। लेकिन इसके बाद भी ऐसे लोग मकान खरीदने सामने नही आए। हालात यह है कि, पांच सौ से अधिक मकानों को आबंटन ही नही हुआ है।

### कार्य एजेंसी को जारी किया गया है नोटिस

"पुलगांव गोकुल नगर वार्ड में ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। गणपति विहार के निर्माण के बाद यहां का काम चालू कराया जाएगा।
**- दिनेश नेताम**, ईई नगर निगम दुर्ग

# बोरी तहसील का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमधा



धमधा ब्लाक के बोरी तहसील के बाबू वीरेंद्र तुर्काने को एसीबी ने 17500 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों को गिरफ्तार किया। आरोपी ने किसान के जमीन के प्रामाणिक के लिए 17500 की रिश्वत मांगी थी। टेकापार निवासी किसान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर से की थी। उसने शिकायत में कहा था कि टेकापार में जमीन खरीदी थी। इसके नामांतरण के लिए तहसील कार्यालय बोरी के बाबू वीरेंद्र से उसने संपर्क किया। उसके द्वारा कर जमीन के नामांतरण के लिए प्रति जमीन 500 के हिसाब से 20000 रिश्वत की मांग की गई। वीरेंद्र तुरकाने को 17500 रिश्वत लेते रंगे हाथों एसीबी की टीम ने पकड़ा। उसके विरुद्ध धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के प्रधान के तहत कार्रवाई की गई।

- एंटी करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई शिकायत के बाद घेराबंदी

# सीसीटीवी कैमरे ही उड़ा ले गए चोर, 2 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



जामुल थाना मंगल बाजार पुरानी बस्ती निवासी चंद्रशेखर तिवारी के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे ही चोर उड़ा ले गए। चंद्रशेखर ने ये कैमरे में चोरों से बचाव के लिए लगा रखे थे। सूचना पर जामुल पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद आरोपी पकड़े गए। आरोपियों में विक्की पिता रंजीत सिंह उम्र 27 साल निवासी युवा अंकुश चौक, समीर उर्फ सम्मी पिता निशार खान उम्र 20 साल शामिल हैं। दोनों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि चन्द्रशेखर की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू की गई। घटना 28 जून की रात की बताई गई। कैमरों की कीमत 12 हजार थी। पुलिस ने आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इसमें दो संदिग्ध युवक नजर आए। उनके बारे में पतासाजी की गई। उन्हें पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने चोरी की घटना को स्वीकारा। इसके बाद पुलिस ने उन्हें आरोपी बनाते हुए कोर्ट में पेश किया।

- जामुल थाना अंतर्गत मंगल बाजार पुरानी बस्ती की घटना

# करेला में मिला था मवेशियों से भरा ट्रक, आरोपी 14 महीने बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



रानीतराई थाना अंतर्गत ग्राम करेला में 15 अप्रैल 2024 को लावारिस हालत में मिले ट्रक की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस ट्रक से पुलिस ने स्थानीय लोगों की सूचना पर 12 मवेशियों को जब्त किया गया। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। ट्रक यूपी-11 सीटी 5490 के बारे में पतासाजी की गई। वास्तविक मालिक के बारे में पता किया गया, तो पता चला कि उसने ट्रक किसी दुधली जनकपुरी जिला सहारनपुर यूपी के जब्बार पिता मोहम्मद शमीम गौरी उम्र 29 वर्ष को बेच दी है। पुलिस ने उसके विरुद्ध छग पशु क्रूरता परिरक्षण अधिनियम की धारा 4,6,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। पता चला कि वह एनडीपीएस के एक मामले में बिलासपुर के हीरी थाना में दर्ज अपराध में जेल में निरुद्ध है।

# ट्रैक्टर और हाइवा में टक्कर, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेलूद



उतई-पाटन मार्ग पर सेलूद के बाद सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार की सुबह सेलूद से गोड़पेंड्री मार्ग पर प्रसाद बाड़ी के पास हाईवा और ट्रैक्टर में भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन के चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की वजह से मिटकट को तोड़कर वाहनों के गुजरने को बताया जा रहा है। बता दें कि जिस जगह पर दुर्घटना हुई, वहां पर पहले भी बहुत से हादसे हो चुके हैं। इस कारण रास्ता के बंद कर मिडिल कट बनाया गया था। सड़क दुर्घटना में हाइवा सीधे रोड पर आ रहे थे। ट्रैक्टर चालक ने मिडिल कट पार करने स्पीड बढ़ाई और सामने से आ रहा हाईवा अनियंत्रित हो गया। पहले ट्रैक्टर को ठोकर मारी। इसके बाद पास के ही मशरुम उत्पादन केंद्र के दीवार को तोड़ दिया।

- सेलूद मार्ग पर आधे घंटे तक लगा रहा जाम


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301


चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति एवं स्वशासी समिति की बैठक में निर्णय

# मेडिकल कॉलेज स्टूडेंट्स के लिए होगी सिटी बस की सुविधा, पहुंच मार्ग भी सुधरेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

कचान्दुर स्थित चन्दूलाल चन्द्राकर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के आने जाने के लिए सिटी बस की सुविधा मिलेगी। पहुंच मार्ग भी सुधरेगा। महाविद्यालय के प्रबंध कारिणी समिति एवं स्वशासी समिति की नवमीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। दुर्ग संभाग के आयुक्त एस.एन. राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह भी शामिल हुए। बैठक में महाविद्यालय की आठवीं बैठक में किये गये निर्णय के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा की गई।



### बालिका छात्रावास की फेसिंग सहित होंगे अन्य इंतजाम

बैठक में महाविद्यालय एवं संबंध चिकित्सालय के पहुंच मार्ग में प्रकाश व्यवस्था, बालिका छात्रावास के प्रवेश द्वार के सामने फेंसिंग तार लगाए जाने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के पहुंच मार्ग पर स्थित नाले का सुदृढीकरण, चिकित्सालय में पुलिस बल तैनात करने एवं चौक-चौराहों में चिकित्सालय के प्रचार हेतु, दिग्दर्शिका बोर्ड लगाने संबंधित विभागों को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी के लंबित देयक की राशि भुगतान के संबंध में भी चर्चा की गई।

### बालक छात्रावास का होगा विद्युतीकरण

बैठक की एजेंडा अनुसार बालक छात्रावास के विद्युतीकरण कार्य, लोक निर्माण विभाग (वि./या.) से प्राप्त प्राकलन अनुसार कराए जाने, महाविद्यालय में स्थित लेक्चर हॉल हेतु इंटरक्टीव पैनल एवं एलईडी टीवी, छात्रावास हेतु फर्नीचर क्रय, महाविद्यालय हेतु एसी, वॉटर कूलर, एक्वागार्ड, यूपीएस एवं सफाई मशीन तथा लेक्चर हॉल हेतु विडियों एवं आडियो सिस्टम का क्रय जैम पोर्टल से भंडार क्रय नियम का पालन करते हुए क्रय करने का निर्णय लिया गया।

### कॉलेज परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगेंगे

महाविद्यालय परिसर में स्थित छात्रावास के सामने तथा महाविद्यालय के सामने सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने तथा बालिका छात्रावास में लिफ्ट निर्माण का कार्य लोक निर्माण विभाग से प्राप्त प्राकलन अनुसार कराने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार महाविद्यालय के पीएमएस विभाग अंतर्गत फैमिली एडॉप्सन प्रोग्राम के संचालन तथा आरएचटीसी यूएचटी सेंटर के आवागमन तथा आयुष विश्व विद्यालय परीक्षा संचालन एवं आयुष चिकित्सा शिक्षा के विभिन्न कार्य एवं बाह्य परीक्षकों को सुविधाजनक आवागमन हेतु दो नवीन वाहन (51 सीटर बस) भंडार क्रय नियम का पालन करते हुए स्वशासी समिति से क्रय किया जाना प्रस्तावित किया गया। बैठक में प्रबंधकारिणी स्वशासी समिति की सदस्य सचिव एवं सीसीएम शास. चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नगरिया, शास. चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के अधिष्ठाता डॉ. पीएम लूका, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, महाविद्यालय के कुल सचिव तथा लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सेतु निगम व क्रेडा के अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञ प्राध्यापक एवं समिति के सदस्य डॉक्टर उपस्थित थे।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




# शिवमहापुराण के लिए वाटर प्रूफ पंडाल बनेगा, पार्किंग, पेयजल और सुरक्षा के होंगे इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की कथा 30 जुलाई से जंयती स्टेडियम भिलाई ग्राउंड में शुरू होगी। आयोजन को लेकर गुरुवार को बीएसपी, निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कथा स्थल का निरीक्षण किया। आयोजक बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह के साथ अधिकारियों ने चर्चा की। बारिश को देखते हुए आयोजन में लाखों शिवभक्तों के हिसाब से सुविधाएं बेहतर करने पर जोर दिया गया।



## कथा स्थल का जायजा लेने पहुंचे बीएसपी व जिला प्रशासन के अधिकारी

### सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल जैसी सुविधाओं

अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. मिश्रा की शिवमहापुरण कथा सुनने के लिए लाखों भक्त पहुंचते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा पहलूओं पर चर्चा की। कथास्थल के चारों तरफ से आवागमन के रास्ते हैं। इसलिए आयोजन समिति और प्रशासनिक अधिकारियों ने ट्रैफिक प्वाइंट कितने और कहां-कहां बनाए जा सकते हैं इस पर रणनीति बनाई। पेयजल, साफ-सफाई और भोजन -भंडारा स्थल निर्माण पर भी चर्चा की गई।

### बनेगा वाटर फ्रूफ पंडाल

शिवमहापुराण कथा सावन के महीने में हो रही है। इसलिए बारिश ज्यादा होगी। इसलिए प्रशासनिक अधिकारियों ने वाटर फ्रूफ पंडाल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष दयासिंह से चर्चा की। मुख्य तीन पंडाल यहां लगेंगे । उसके अलावा साइड पंडालों और विस्तारित पंडाल भी बनाए जाएंगे जिसे वाटर फ्रूफ रखा जाना है। इसके अलावा लगातार बारिश होने की स्थिति में पंडाल के साइड में निकासी के इंतजाम भी किए जाएंगे। जिससे कथा स्थल पर पानी जमा न हो।

### इन अधिकारियों ने किया निरीक्षण

सावन की शुभ बेला में होने वाला यह आयोजन न केवल भिलाई, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था, आध्यात्मिकता और शिवभक्ति का केंद्र बिंदु बनने जा रहा है। मौके का निरीक्षण करने वालों में प्रमुख रूप से एडीएम विरेंद्र सिंह, एडिसनल एसपी सुखनंदन राठौर, एसडीएम दुर्ग हरिवंश मीरी, एसडीएम भिलाई व छावनी हितेश पिस्दा, सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, तहसीलदार दुर्ग प्रफुल गुप्ता, ईई पीडल्यूडी आशीष भट्टाचार्य, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया स्कूल प्रवेश

दुर्ग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा में नवप्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष विद्या नामदेव, पूर्व शाला विकाश समिति के अध्यक्ष, भागी गुरुजी, वार्ड पार्षद ललित ढीमर, शिक्षा वृद से मनोहर पटेल जी,तोमेश साहू, किशोर नायक, झाला राम साहू, भूपेंद्र राजपूत, स्कूल के प्राचार्य बंछोर, प्रधान पाठक और स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत किया गया और उन्हें शाला परिवार में शामिल होने पर बधाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को शिक्षा के महत्व और शाला के नियमों के बारे में जानकारी दी। बच्चों कों स्कूल यूनिफार्म, अध्यापन का समय के साथ खेल खुद और व्यायाम पर ध्यान देने की बात कही ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा की विद्यार्थी जीवन जो हम सीखते है वो जीवनभर काम आता है।

### प्रवेशोत्सव में बच्चों को बांटी पुस्तके



उतई। मचांदूर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव के दौरान छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नवाब खान ने कहा कि शिक्षा के बिना सर्वांगीण विकास संभव नहीं हैं। प्रवीण यदु अध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा उतई मंडल ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी निरंतर सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नवाब खान शाला विकास समिति के अध्यक्ष,प्रवीण यदु युवा मोर्चा अध्यक्ष,फलेंद्र राजपूत किसान मोर्चा अध्यक्ष,उपसरपंच दुष्यंत साहू ,पंच मंशा साहू,पूर्व सरपंच दिलीप साहू,धर्मेंद्र साहू युवाचार्य, प्राचार्य बी एन चौधरी,काकोली चौधरी,एस के सिंह,ओपी ठाकुर,पीके रात्रे,पूजा नायर,ज्योति पांडेय,कल्पना खोबरागड़े,श्रद्धा शर्मा, मधुमितारथ,हरीश पटौती, महेंद्र साहू सहित अधिक सांख्य में छात्र छात्राओं उपस्थित थे।

### सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान शुरू



कुम्हारी। केंद्र सरकार की ओर से माह जुलाई में सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान 2025 चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कुम्हारी में इस अभियान का शुभारंभ पालिका नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा ने परिसर में हरि झंडी दिखाकर किया गया। उक्त कार्यक्रम में, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर सहित समस्त पार्षदगण एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं जन भागीदारी, जिला समन्वयक गौरव केशरवानी एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वच्छता के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताया गया, एवं बीमारी से बचने और आस पास को स्वच्छ बनाए रखने हेतु उपाय बताए गए। अभियान में स्वच्छ हाथ, स्वच्छ घर, स्वच्छ पड़ोस, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ नालिया, जल निकाय एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के लिए नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की जा रही है।

## पीडब्ल्यूडी ने राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजा प्रस्ताव

# पुलगांव से ठगड़ाबांध व महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन, भेजा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शहर में जल्द ही तीन बडे प्रोजेक्ट की राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद फोरलेन निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी विभाग ने शहर में तीन बडे प्रोजेक्ट का प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। जिसमें पुलगांव मिनिमाता से ठंगडा बांध तक फोरलेन और महाराजा चौक से बोरसी तक फोरलेन निर्माण किया जाएगा। वहीं चंडी मंदिर से नयापारा वार्ड भी शामिल है। इन तीनों प्रोजेक्ट में 73 करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। जानकारी अनुसार पुलगांव से जेल तिराहा तक करीब पांच किमी फोरलेन सडक बनाया जाएगा, जिसमें 30 करोड 38 लाख खर्च किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि, नेशनल हाईवे बाईपास से पुलगांव तक फोरलेन निर्माण के बाद यातायात दबाव बढता जा रहा है। बाईपास से पुलगांव चौक तक आने वाले बडे वाहन जो रायपुर व भिलाई की ओर जाते है। इस दौरान वाहन चालक पुलगांव से महाराज चौक का रास्ता का अधिक उपयोग करते है। जिससे यहां वाहनों का दबाव बढता जा रहा है। इसी रास्ते से बालोद, राजनांदगांव, उतई सहित अन्य मार्ग भी है। जहां रोजाना सैकडों गाडियां चलती है। बहरहाल इस सडक की चौडाई वर्तमान में सिर्फ 22 फीट हैं, इसे बढाकर 55 फीट किया जाएगा। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने के दौरान बीच में डिवाइडर और स्ट्रीट लाइन भी बनाया जाएगा।

### तीन बड़े प्रोजेक्ट में खर्च होंगे 73 करोड़ 42 लाख रूपए



### बोरसी की सड़क 22 से 48 फीट होगी

महाराजा चौक से बोरसी तक करीब दो किमी की सडक बनाई जाएगी। वर्तमान में सडक की चौडाई 22 फीट है, लेकिन फोरलेन बनने के बाद इसकी चौडाई 48 फीट तक होगी। इससे वाहनों के आवागमन में राहत मिलेगी। दोनो ओर दो-दो लेन की सडक बनने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। यहां फोरलेन बनाने 25 करोड 27 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

### चंडी मंदिर से नयापारा सडक होगी सिर्फ चौड़ी

शहर के बीच चंडी मंदिर से नयापारा मार्ग यातायात की दृष्टि से बेहद व्यस्तम हो गई है। ऐसे में इस मार्ग के चौडीकरण की मांग लंबे समय से उठ रही थी। यहां मंदिर होने के चलते भी बडी संख्या में श्रध्दालु पहुंचते है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक किमी चौडीकरण करने राज्य शासन को 17 करोड 77 लाख रूपए का प्रस्ताव भेजा है। हांलाकि यहां फोरलेन निर्माण नही होगा, बल्कि वर्तमान में 16 फीट की सडक को 32 फीट तक चौडा किया जाएगा।

### मुआवजे का भी होगा प्रावधान

पीडब्ल्यूडी विभाग को राज्य शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। अफसरों का कहना हैं कि, जितनी राशि निर्माण कार्य में लग रही है। उसकी आधी राशि मुआवजे में चली जाएगी। पुलगांव से जेल तिराहा की बात करे तो यहां पोल शिफ्टिंग और मुआवजे के लिए 18 करोड 86 लाख खर्च होगें। जबकि सडक बनाने में यहां 30 करोड 38 लाख रूपए खर्च हो रहे है। बहरहाल विभाग ने सडक और मुआवजे का प्रकरण बनाकर शासन को भेज दिया है।

### प्रस्ताव भेजे

राज्य शासन को पुलगांव से जेल तिराहा और महाराजा चौक से बोरसी व चंडी मंदिर मार्ग में चौडीकरण किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने ही निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

-आशीष भट्टाचार्य, ईई पीडब्ल्यूडी विभाग दुर्ग

### बजट में शामिल

शहर के लिए तीनों प्रोजेक्ट बेहद महत्वपूर्ण है। तीनों प्रोजेक्ट को बजट में शामिल कर लिया गया है। शासन से जल्द ही स्वीकृति भी मिल जाएगी।

-गजेन्द्र यादव, विधायक दुर्ग

# स्कूलों में नहीं बटी किताबें कांग्रेसियों ने घेरा दफ्तर

## पूर्व महापौर बाकलीवाल ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

जिले की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा सत्र शुरू हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और अभ्यास कॉपियाँ नहीं दी गई हैं। इस लापरवाही के खिलाफ मंगलवार को दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय पहुँचकर अधिकारियों को घेरा और जवाब तलब किया। डीईओ कार्यालय पहुंचने से पहले बाकलीवाल ने गवर्नमेंट जेआरडी स्कूल का दौरा किया और वहाँ के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों से मुलाक़ात कर वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने बताया कि, अभी तक उन्हें किताबें नहीं मिली हैं। जिससे उनकी पढ़ाई में लगातार बाधा आ रही है। धीरज बाकलीवाल ने बताया कि उन्हें प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्तर के 34 संकुलों में से 22 संकुलों में और हायर सेकंडरी के 12 संकुलों में अब तक पुस्तकें नहीं पहुँच पाई हैं, जो बेहद गंभीर लापरवाही है। उन्होंने इस देरी के लिए शिक्षा विभाग की जवाबदेही तय करने की माँग की। बाकलीवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार इस बार नई बारकोडिंग व्यवस्था के तहत किताबें बाँट रही है। पहले किताबें आएंगी, फिर उनकी स्कैनिंग होगी, फिर वितरण होगा। इस पूरी प्रक्रिया में अभी और 10 दिन लगने की संभावना है। मतलब कुल 25 दिन तक छात्र बिना किताब के रहेंगे, जो बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, मनदीप भाटिया, विजेंद्र भारद्वाज, विजय चंद्राकर, सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, प्रभारी सचिव अनूप वर्मा, गौरव उमरे, प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष वरुण केवलतानी आदि मौजूद थे।

### अव्यवस्था नहीं करेंगे बर्दाश्त

पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, पढ़ाई की नींव किताबों से पड़ती है, और 15 दिन बाद भी बच्चे खाली हाथ हैं। शिक्षा के साथ यह अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# टाटा स्टील ने जीता विजेता का खिताब, इस्को उपविजेता




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्टील प्लांट्स स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता आज संपन्न हो गई। भिलाई निवास के एमपी हॉल में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी थे। विशिष्ट अतिथि सीजीएएम संदीप माथुर, अध्यक्ष (सेफी व शतरंज क्लब अध्यक्ष एन के बंछोर, सीजीएम तपन कुमार घोष, पूर्व ओलंपियन व डीजीएम राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक, सचिव अलंकार भिवगड़े सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रमुख इस्पात संयंत्रों से 9 टीमों ने भाग लिया। जिनमें टाटा स्टील की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इस्को बर्नपुर की टीम द्वितीय स्थान पर रही तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी टीमों में भिलाई इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर स्टील प्लांट, सेलम स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, जेएसयू स्टील लिमिटेड एवं विश्वेश्वरैया आयरन एंड स्टील प्लांट की टीमें शामिल थीं। मुख्य अतिथि श्री गिरी ने कहा कि शतरंज हमें जिंदगी में सही कदम लेने का सीख देता है, उन्होंने हार और जीत को जीवन का हिस्सा बताया। हमें इनसे सीखते हुए अगली बार बेहतर कदम उठाने हेतु प्रेरित होना चाहिए। स्वागत भाषण श्री बंछोर ने किया। संचालन एससीसीए विभाग के सुप्रियो सेन व आभार प्रदर्शन राजेंद्र प्रसाद ने किया।

## बोरई एक वर्ष के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने टॉपवर्थ स्टील्स एवं पॉवर प्राइवेट लिमिटेड बोरई को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 25, 26 (1) (2) के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के तहत जिला मजिस्ट्रेट को दी गई अधिकारिता के अनुसार सपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। यह आदेश 1 जुलाई से अधिकतम एक वर्ष के लिए लागू कर दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार आदेश में आवश्यक संशोधन किया जा सकता है। बता दें कि इस क्षेत्र में 50 से ज्यादा छोटे-बड़े उद्योग है। औद्योगिक लिहाज से इस क्षेत्र को संवेदनशील क्षेत्र माना गया है। इसके कारण जिला प्रशासन ने बोरई के उक्त क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है। बिना अनुमति यहां किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# पौधारोपण के बाद उनकी देखरेख करने वाली महिलाओं को मिलेंगे एक हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक हुई। बैठक में 25 विभागों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का मुख्य केंद्र

- सांसद विजय बघेल ने विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की बैठक में की समीक्षा
- 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी, अन्य विषयों को लेकर बैठक में हुई चर्चा

बिंदु एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम पहल रही। बैठक में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे। सांसद बघेल ने कहा कि



पर्यावरण हित को ध्यान में रखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार ने शहरी क्षेत्री में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु एक नई पहल प्रारभ की है। इसके अंतर्गत प्रत्येक महिला जो वृक्षारोपण कर पोधों का जतन करेंगी उन्हें 1 हजार रुपए प्रति पेड़ के मानदेय मिलेगा। महिला स्व सहायता समूह में पर्यावरण के प्रति जागरूक बढ़ेगी। आय में भी वृद्धि होगी। 20 हजार से ज्यादा पौधे रोपने की तैयारी है। दिशा समिति की बैठक में कृषि क्षेत्र में हो रही प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। बताया गया कि गेहूं की खेती का रकबा बढ़ा है, जो किसानों के लिए एक शुभ संकेत है। इसके साथ ही, कपास, सूरजमुखी और मक्का के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। बैठक में अन्य विषयों को लेकर भी चर्चा की गई।

# अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए निकला युवा का जत्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

नगर के श्रद्धालु युवाओं का जत्था देवाधिदेव भगवान शंकर के दर्शनार्थ अमरनाथ तीर्थ यात्रा करने अनवरत तीन वर्षों से जा रहा है। उनकी इस पवित्र यात्रा का शुभारम्भ पहलगाम से होगा ।युवाओं के इस यात्रा के लिए राजनांदगांव के सांसद संतोष पाण्डेय ने युवाओं से मुलाकात कर शुभकामनाएं दी । इस यात्रा में आशीष शुक्ला, विकास शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, अम्बुज सिंह, सतीश यादव, सात्विक तिवारी, आलोक दुबे, मनीष श्रीवास्तव, गिरीश सोनी, मनोज पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय और मोहित पटेल आदि शामिल हैं ।

## कलेक्टर सिंह ने धान संग्रहण केन्द्रों का किया निरीक्षण

# संग्रहण केन्द्रों में 25 लाख रुपए क्विंटल धान डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

पिछले साल के धान का अब तक उठाव नही किए जाने के चलते करोडों रूपए का धान बारिश में भीगने के कगार पर हैर। संग्रहण केन्द्रों में करोडों रूपए से अधिक का धान डंप होने से इसके खराब होने की स्थिति निर्मित हो गई है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धान संग्रहण केन्द्र क्रमशः जेवरा-सिरसा, अरसनारा, कोड़यिा एवं सेलूद का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर भण्डारित धान के उठाव, धान के उठाव हेतु लगायी गई वाहन, ट्रक लोडिंग हेतु हमालों की व्यवस्था, संग्रहण केन्द्र में वाहन न फंसे इस हेतु पहल के संबंध में केन्द्र प्रभारी से जानकारी ली। कलेक्टर ने धान के उठाव में प्रगति लाने डीएमओ और केन्द्र प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संग्रहण केन्द्र में धान भण्डारण एवं उठाव के मैनुअल और ऑनलाईन डिफेरेंस का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल भी साथ मौजूद थे। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्रों में धान के स्टेग को बारिश से बचाने, पर्याप्त केप कव्हर की व्यवस्था रखने तथा वाहनों के लिए निर्धारित मार्ग पर मलबा एवं मुरूम डालकर मरम्मत कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने संग्रहण केन्द्र प्रभारियों को हमालों की टोली बढ़ाने कहा ताकि वाहन लोडिंग करने में सहुलियते होगी और लोडिंग वाहने शीघ्र रवाना की जा सकेगी, जिससे धान के उठाव में प्रगति आएगी। उल्लेखनीय है कि जिले के धान संग्रहण केन्द्र में कवर्धा, बालोद, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले से भी धान भण्डारित किया गया है। जिले के धान संग्रहण केन्द्रों में 251727 मेट्रिक टन धान भण्डारित किया गया है।



### चार संग्रहण केन्द्रों डंप किए गए धान

जिले के संग्रहण केन्द्र अरसनारा में 32242 मेट्रिक टन, कोड़िया में 78229 मेट्रिक टन, जेवरा-सिरसा में 29372 मेट्रिक टन और सेलूद में 111884 मेट्रिक टन भण्डारित धान शामिल है। संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव मिलर्स द्वारा और नीलामी द्वारा किया जा रहा है। अब तक कुल 65797 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। मिलर्स द्वारा संग्रहण केन्द्रो से 17137 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। इसी प्रकार नीलाम द्वारा 48664 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। संग्रहण केन्द्रों से धान के उठाव कार्य नियमित चल रही है।

# 'मोदी की गारंटी' लागू करवाने किया आंदोलन का शंखनाद

## 16 जुलाई को जिलों में रैली कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ शासन को मोदी की गारंटी लागू करने का नोटिस दिया है। फेडरेशन के बैठक में तय हुआ है कि प्रथम चरण में 16 जुलाई को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिलों में रैली निकालकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

गौरतलब है कि फेडरेशन ने विधानसभा चुनाव के पहले प्रदेश के कर्मचारियों से किया गया मोदी की गारंटी का वादा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पूरा नहीं करने के कारण चरणबद्ध आंदोलन किया था।



वादाखिलाफी के विरुद्ध पुनः आंदोलन का शंखनाद कर दिया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल

■ राज्य सरकार पर लगाया वाद-खिलाफी का आरोप

वर्मा,बी पी शर्मा, राजेश चटर्जी, जी आर चंद्रा,चंद्रशेखर तिवारी, रोहित तिवारी,संजय सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रथम चरण में 16 जुलाई 25 को राज्य के सभी ब्लॉक तथा जिला मुख्यालय में वादा निभाओ रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया जायेगा। यदि छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाया तो 22 अगस्त 25 को प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारी सामूहिक अवकाश में रहकर राज्यव्यापी कलम बंद काम बंद हड़ताल करेंगे। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान प्रदेश के कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी की घोषणा हुई थी। जिसमें वादा किया गया था कि सरकार बनने पर प्रदेश के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान डी.ए./डी आर दिया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### क्रांतिकारी राज की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम कल

**अंडा।** क्रांतिकारी सुखदेव राज की 52 वीं पुण्य तिथि पर 5 जुलाई को श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें दोपहर 12 बजे प्रतिमा पर माल्यार्पण, मंचीय कार्यक्रम शाउमावि प्रांगण ग्राम अंडा में रखा गया है। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। अध्यक्षता विधायक ललित चंद्राकर करेंगे।

## निधन

### भानूराम साहू

**पाटन।** ग्राम असोगा निवासी भानू



राम साहू 74 वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। वे सुरेन्द्र साहू, तीरथ राम साहू के पिता थे। जिला प्रतिनिधि गंगा दीन साहू के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार में स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### लक्ष्मी देवी देशमुख

**भिलाई।** सुभाष नगर दुर्ग निवासी



लक्ष्मी देवी देशमुख का 80 वर्ष की उम्र में 3 जुलाई को निधन हो गया। वे गणेशाराम देशमुख की पत्नी थीं। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे विनोद और मुकेश देशमुख की मां थीं।

## बीजेपी और कांग्रेस के नेताओ ने नहीं ली सुध

# तरीघाट मुक्तिधाम में नहीं है शेड, बारिश में परेशान होते हैं शोकाकुल परिजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन मुख्यालय से लगे गांव में मुक्तिधाम शेड नहीं होने से लोगों को बारिश में भी खुले में अंतिम संस्कार करना पड़ता है। जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत खारुन नदी के तट पर बसे ग्राम पंचायत तरीघाट को पुरातात्विक ग्राम पंचायत तरीघाट के नाम से जाना जाता रहा है। यहां मृतक के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी पंचायतों एवं ग्राम में मृतक के अंतिम संस्कार के लिए शेड एवं प्रतीक्षालय का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया गया है। लेकिन ग्राम तरीघाट मुक्ति धाम में शेड



नहीं है। पहले शेड का निर्माण किया गया था जिसे किसी कारणवश तोड़ दिया गया है। जिसे अब तक नहीं बनाया गया है। अब बरसात के मौसम में या तो बरसात रुकने के इंतजार करना पड़ रहा है अथवा दूसरे ग्राम के मुक्तिधाम का सहारा लेना पड़ रहा है किसी के घर शोक होने पर बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वही ग्राम पंचायत सचिव ज्ञानचंद चक्रधारी का कहना है कि मुक्तिधाम के शेड को तोड़ने ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पारित नहीं हुआ था। पूर्व सरपंच ने अपने हिसाब से शेड जर्जर हो गया है करके तोड़वा दिया। मुक्तिधाम में नए शेड निर्माण के लिए पंचायत में प्रस्ताव पारित कर पूर्व में जनपद पंचायत में स्वीकृति के लिए भेजा भी गया था। वर्तमान सरपंच के द्वारा भी प्रस्ताव पारित किया गया है ग्राम सभा में भी अनुमोदन किया गया है लेकिन अभी तक मुक्तिधाम शेड निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति नहीं हुई है। सरपंच श्रीमती चंद्रिका साहू ने कहा कि बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को परेशानी हो रही है। पूर्व में बिना पंचायत प्रस्ताव के मुक्तिधाम शेड को तोड़ा गया है।अब जल्द निर्माण किया जाएगा। मुक्तिधाम में शेड निर्माण के लिए पंचायत में प्रस्ताव पारित कर जनपद पंचायत भेजा गया है।

## आईआईटी हिमाचल में उच्च शिक्षा लेगा लक्ष्मण

**सेलूद।** पाटन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम



पंचायत डीड़गा के होनहार छात्र लक्ष्मण चतुर्वेदी का चयन आईआईटी मंडी हिमाचल प्रदेश के लिए हुआ है। जहां लक्ष्मण माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स में पढ़ाई करेंगे। पिता शिवनारायण चतुर्वेदी एवं मां चन्द्रिका अपने बेटे की सफलता से बेहद खुश हैं। बेहद गरीब परिवार के प्रतिभाशाली छात्र लक्ष्मण प्राथमिक शिक्षा रानीतराई के शासकीय प्राथमिक शाला में हुई। तत्पश्चात नवोदय विद्यालय बोरई में 31 वें बैंच के रूप में 2017 से 2024 तक शिक्षा प्राप्त करना मजबूत आधार सिद्ध हुआ। इसके साथ ही लक्ष्मण ने अपनी सफलता में मोबाइल एप पीडब्ल्यू की आनलाइन शिक्षा को भी मददगार बताया। लक्ष्मण के चयन पर भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा,भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रतिनिधि धनराज साहू, भाजपा जामगांव आर मंडल महासचिव निर्मल जैन, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू, होमिन ठाकुर, जिपं उपाध्यक्ष अशोक साहू आदि मौजूद थे।

## सेवाभावी डॉक्टरों का किया सम्मान

**पाटन।** डॉक्टर्स डे पर बीमा अभिकर्ता कृष्ण कुमार देवांगन ने विभिन्न क्लीनिक में जा कर डॉक्टरों का सम्मान किया। कृष्ण देवांगन का कहना है कि डॉक्टर धरती का दूसरा भगवान की दर्जा प्राप्त है हमे इनका मनोबल बढ़ाना चाहिए ताकि समाज को एक नई दिशा मिले। वो सिर्फ इलाज नहीं करता,वो टूटे हुए इंसान को दोबारा जीना सिखाता है। अपने दर्द को छुपाकर हर मरीज़ के लिए उम्मीद बनता है।



# महतारी वंदन में छूटे नाम जोड़े जाएंगे: पूर्व विधायक डॉ. देवांगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक डा बालमुकुंद देवांगन से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर डॉ. देवांगन ने कहा कि भाजपा सरकार की तमाम योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर सभी को लाभ दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में छूटे हुए नाम जुड़वाएंगे ताकि सभी महिलाओं को भाजपा सरकार की पहल का लाभ मिले। मुलाकात करने वालों में राजेश चंद्राकर मंत्री अंडा-निकुम मंडल दुर्ग ग्रामीण, भूपेन्द्र साहू भाजयुमो जिला कार्यकारिणी सदस्य, हेमेंद्र साहू और योगेश वैष्णवी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## बिजनेस साइट

# बीएम कॉलेज एवं बीएमआईटीआई दुर्ग में प्रवेश प्रारंभ

**भिलाई।** बीएम कॉलेज, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग (छग), हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत-बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित है। बी.एड. हेतु कॉलेज कोड-114336 है। बीएड प्रवेश की प्रक्रिया काउंसलिंग के द्वारा होगी। संस्था में उपलब्ध सुविधाएं एसी लैब, क्लासरूम एवं वाई-फाई केंपस। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट 100% रहा है। बीएम कॉलेज की स्थापना सन 2008 में हुई है। बीएम प्राइवेट आईटीआई, एनसीवीटी दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत ट्रेड-कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर एवं स्टेनो हिंदी कोर्स संचालित है। फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट की डिमांड नगर-निगम, रेलवे तथा बड़े-बड़े मॉल्स, हॉस्पिटल, रिफाइनरी फैक्ट्री तथा अन्य एवं हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर की डिमांड नगर निगम तथा रेलवे डिपार्टमेंट में है। छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बजट के अनुसार राज्य के 10 जिलों में फायर स्टेशन की स्थापना होना है जिसमें दुर्ग, रायपुर एवं बिलासपुर जिला भी शामिल है। संस्था द्वारा आरक्षित वर्ग हेतु छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। छात्र अपनी सुविधानुसार ट्यूशन फीस को किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में आकर प्रवेश ले सकते हैं। पीजीडीसीए में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि 6 जुलाई है।




## अम्बियन्स एकेडमी में छात्रवृत्ति का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** अम्बियन्स एकेडमी जो कि जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग में अग्रणी संस्थान है। मेधावी और होनहार छात्रों के लिए 90 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति देने की घोषणा की है। इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य योग्य छात्रों को उनके इंजीनियरिंग या मेडिकल के सपनों को पूरा करने में आर्थिक सहायता देना है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र या ड्रॉप ईयर वाले छात्र जेईई-नीट की तैयारी के लिए आवेदन कर सकते हैं। अम्बियन्स स्कालरशिप कम एडमिशन टेस्ट में प्रदर्शन के आधार पर 90 प्रतिशत तक की फीस में छूट, बोर्ड टॉपर्स, एनटीएसई/केवीपीवाई क्वालिफायर्स एवं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष लाभ मिलेगा। अम्बियन्स एकेडमी में अनुभवी फैकल्टी, पर्सनल गाइडेंस, शानदार रिजल्ट रिकॉर्ड, जेईई-नीट से आधारित पाठ्यक्रम, नियमित डाउट सेशन और टेस्ट सीरीज़ का लाभ ले सकते हैं। सीट्स सीमित हैं, आज ही टेस्ट स्लॉट बुक करें और अपने भविष्य को सुरक्षित करें।

## आंगनबाड़ी में बांटी मिठाई

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के स्व. पुकेश्वर भारदीय महाविद्यालय निकुम के अध्यक्ष सुरेश साहू ने आंगनबाड़ी के बच्चों के बीच मिठाई बांट कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री साहू ने कहा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक मिलनसार , व्यवहार कुशल व भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय नेता है , उनके नेतृत्व में पार्टी के अंतिम बूथ के कार्यकर्ता को पद व पहचान मिल रही है।

# बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने विधायक चंद्राकर ने किया प्रोत्साहित

**भिलाई।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक/उच्च माध्यमिक शाला, मतवारी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर थे। उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही उन्हें स्कूल ड्रेस एवं पाठ्यपुस्तकें प्रदान की। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस विद्यालय से नवोदय विद्यालय में चयनित छात्र वैभव कुमार साहू का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नवप्रवेशी बच्चों को बधाई देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, ग्राम सरपंच द्रौपदी साहू , उपसरपंच टेकराम साहू



■ मतवारी में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन

, शाला विकास समिति अध्यक्ष कमलेश साहू , बूथ अध्यक्ष योगेश्वर देशलहरे , ग्राम सुखरी सरपंच ज्योति यादव चंगोरी सरपंच पूजा चंद्राकर, प्राचार्य एस.आर. चंद्राकर, प्रधान पाठक एम.डी. चंद्राकर अनिल साहू, नंदकुमार यादव बंसीलाल कोसरे शिवलाल साहू दिलेश्वरी साहू खुशबू साहू , पंच गीता साहू कल्याणी यादव गोपेश्वरी साहू नंदिनी साहू लिकेश्वरी बंजारे पूर्णिमा चंद्राकर आदि मौजूद थे।

## हितग्राही परिवार की सुधरेगी आर्थिक स्थिति, मिला सहारा

# सांसद बघेल ने दिया पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का दावा चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावा का चेक वितरण दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया। इस अवसर पर बीमाधारक सतपाल सिंह भाटिया की पत्नी श्रीमती मीत भाटिया ने बताया कि उनके पति ने कुछ वर्षों पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की पालिसी बैंक आफ महाराष्ट्र कुम्हारी शाखा से ली थी एवं नियमित रूप से प्रति वर्ष बीमा राशि का भुगतान किया।

अभी कुछ दिन पहले उनके पति की अचानक हृदय गति रूक जाने से मृत्यु हो गई, जिससे वो काफी मानसिक और आर्थिक रूप से टूट गई थी। अचानक



उन्होंने अपने पति का पासबुक देखा जिससे उन्हें पता चला कि उनके पति ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत बीमा कराया था। फिर उन्होंने नगर पालिका में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की टीम से सहयोग लेकर बैंक आफ महाराष्ट्र कुम्हारी शाखा में अपना बीमा दावा प्रस्तुत किया जहाँ शाखा प्रबंधक विकास रंजन द्वारा उनके प्रकरण को जांच मे सही पाकर उन्हें दो लाख रूपये भुगतान की अनुशंसा की गयी। इस राशि से उनके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा जिसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन और बैंक आफ महाराष्ट्र कुम्हारी शाखा को धन्यवाद दिया है। पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने आमजन से आह्वान किया कि सभी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत अपना पंजीयन करायें और योजना का लाभ लेंवे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, संजय बघेल, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र रायपुर अंचल प्रबंधक वी व्यंकटेश ,मुख्य प्रबंधक व्यापार विकास अधिकारी राहुल विकरवार एवं कुम्हारी शाखा प्रबंधक विकाश रंजन सहित मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा महिला मोर्चा जिला मंत्री रीता पाण्डेय, पार्षद सुजीत यादव, अनुराग गुप्ता, उमाकांत साहू, श्रीमती रितिका यादव, आर प्रवीण, सहायक परियोजना अधिकारी नितिन श्रीवास, सामुदायिक संगठक श्रीमति सुधा वर्मा एवं श्रीमती रूचि शुक्ला त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### अंडा शक्ति केंद्र में सुनी गई 'मन की बात'



**अंडा।** अंडा शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस दौरान तीनों बूथ अध्यक्ष अजय चौहान, तिलक चंद्राकर और यशवंत बंजारे, मन की बात के मंडल संयोजक अजीत चंद्राकर व उपाध्यक्ष हेमेंद्र चौहान उपस्थित थे।

### हितग्राहियों को मिले आवास स्वीकृति पत्र



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) के अंतर्गत कुल 41 पात्र हितग्राहियों को मकान स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। यह वितरण नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश (निक्की) भाले ने किया। यह योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य शहरी गरीबों को पक्के आवास की सुविधा प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार द्वारा इस योजना के अंतर्गत 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई थी। इसी कड़ी में पाटन नगर पचायत के हितग्राहियों को भी लंबे समय से प्रतीक्षित स्वीकृति पत्र अब प्राप्त हो गए हैं, जिससे वे जल्द ही अपने आवास निर्माण की दिशा में कदम बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष निशा सोनी, सभापति केवल देवांगन, जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन एवं अन्नपूर्णा पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन निर्मल और वासुदेव देवांगन सहित अनेक हितग्राही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष योगेश भाले ने कहा कि यह योजना न केवल आवास सुविधा प्रदान करती है, बल्कि नागरिकों के जीवन में स्थायित्व और आत्मविश्वास भी लाती है।

### भाजपा जामगांव आर मंडल कार्यकारिणी घोषित

**जामगांव आर।** भाजपा जामगांव आर मंडल कार्यकारिणी की घोषणा अध्यक्ष कमलेश साहू ने की है। यह घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय, जिला प्रभारी राजीव अग्रवाल , सांसद विजय बघेल एवं दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक की सहमति से की गई है। जिसमें ग्राम रानीतराई के पूर्व सरपंच निर्मल जैन व वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्णेन्द्र सिन्हा को महामंत्री का दायित्व देने के साथ उपाध्यक्ष ,मंत्री सहित कार्यकारणी सदस्यों की नियुक्ति किया गया है। मंडल पदाधिकारियों , एवं वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सांसद विजय बघेल के निवास सेक्टर 5 , पूर्व मंत्री श्रीमती रमशिला साहू व पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू निवास 32/16 बंगला व दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के निवास पहुंच आभार किया है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ,धनराज साहू, नरेश केला , मण्डल अध्यक्ष कमलेश साहू ,महामंत्री निर्मल जैन , उपाध्यक्ष गुमान साहू ,कोषाध्यक्ष अरुण चंद्राकर , मंत्री श्रीमती गायत्री यादव , पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती झरना साहू, पूर्व जनपद सदस्य अशोक शर्मा,सोसायटी अध्यक्ष बेनी राम साहू, यशवंत यादव और हर्ष साहू सहित जामगांव आर भाजपा मण्डल के पदाधिकारियों ने आभार जताया है।

### विरासत में संतान को पर्यावरण का दें उपहार दें: बारले



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में गुरुवार को पर्यावरण विरासत उपहार समारोह आयोजित कर समिति सदस्यों आचार्यों विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम रोपित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू व्यवस्थापक आसकरण जैन, सदस्य डॉ के एस देवांगन, डॉ गुलाब साहू प्राचार्य, पीएल बारले, पवन बंछोर आचार्य, धनेश्वरी साहू, झरना साहू, परमानंद और लिकेश्वर साहू आदि ने बेल कदंब, मीठा नीम,नींबू और पपीता आदि एक पेड़ मां के नाम रोपित किए। विद्यालय के दर्जनों विधार्थियो ने स्कूल को हरा भरा सुंदर रखने के लिए बागवानी क्यारी में मोगरा, चांदनी, रातरानी, चंपा बादाम, चीकू और दूध मोगरा आदि पौधों का रोपण किया। प्राचार्य पीएल बारले ने बताया कि विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्य सतत जारी रहेगा गुरुवार को 66 पेड़ पौधों का रोपण किया गया निकट भविष्य शेष पौधा रोपण का कार्य किया जाएगा।

### सिरसिदा शाला में मनाया प्रवेश उत्सव



**अंडा।** ग्राम सिरसिदा के पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर थे। अध्यक्षता सरपंच सरस्वती इन्द्र जीत चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि उप सरपंच दामिनी चंद्राकर शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिक्षा वित्त कृपाराम पटेल, बाल गोविंद साहू, दुर्गा साहू ,आत्मा साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का गुलाल चंदन लगाकर एवं काव्य किताब देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापिका लीला देवांगन एवं अन्य शिक्षक गण महेंद्र कुमार,साहू, पुष्पा साहू, राकेश कुमार प्राइमरी स्कूल के प्रधान अध्यापिका धनेश्वरी साहू एवं शिक्षक गण दशेन्द्र कुमार साहू , गीतिका देशमुख का विशेष योगदान रहा।

### पुरई में महिला सम्मान समारोह 6 को

**उतई।** फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की पहल पर ग्राम पुरई में महिला सम्मान समारोह का आयोजन 6 जुलाई की दोपहर 1 बजे से किया गया है।जिसमे मुख़्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल सहित अन्य अतिथि शामिल होगी। महिला सम्मान समारोह हेतु संयोजक मंडल का गठन किया गया है। लोकेश्वरी देवांगन, कुमारी ओझा, लता राठौर, रुस्तम देशलहरे, शांता बाई बंजारे, अल्का राठौर, अल्का देवी वर्मा, मंजू देवांगन, निशा ओझा को शामिल किया गया है।

## खबर संक्षेप



### 13 हितग्राहियों को मिला पीएम आवास

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत निर्मित भूतल के मकानों का आबंटन किया गया। लाटरी में 13 वरिष्ठजन एवं दिव्यांगजन हितग्राहियों को शामिल कर आवास आबंटन किया गया। प्रमुख स्थल सूर्या विहार के पीछे 1 एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के पीछे 12 मकानों का आाबंटन किया गया है। महापौर नीरज पाल, सभापति गिरवर बंटी साहू एवं एमआईसी सदस्य साकेत चंद्राकर के उपस्थित में वरिष्ठ/दिव्यांगजन के 6 एवं सामान्य के 7 हितग्राहियों की लाटरी निकाली गई। हितग्राहियों ने कहा यह हमारा सपना था कि हमें अपना स्वयं का मकान मिले। यह सरकार एवं नगर निगम भिलाई के प्रयास से ही सफल हो पाया है, हम सब बहुत खुश है। आवास आबंटन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता वीनिता वर्मा, आवास प्रभारी विद्याधर देवांगन, नम्रता सिंह ठाकुर, जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, थलेश्वर जोशी, सी.एल.टी.सी. किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### कृषि नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दुर्ग।** जिले में खरीफ 2025 के लिए बीज, उर्वरक, कल्चर, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्रियों के मांग, भण्डारण, वितरण के साथ-साथ गुण नियंत्रण तथा निरीक्षण एवं कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में सतत निगरानी के लिए जिला स्तर पर नोडल और सहायक नोडल अधिकारी की नियुक्ति नियंत्रण कक्ष में की गई है। उप संचालक कृषि संदीप भोई से मिली जानकारी अनुसार सहायक संचालक कृषि सुमन कुमार कोर्राम को सतत निगरानी हेतु जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनका मोबाइल नंबर 9691324528 जारी किया गया है। इसके अलावा सहायक नोडल अधिकारी सत्यवती सहायक सांख्यिकी अधिकारी मोबाइल नंबर 9691770113, कृषि विकास अधिकारी अमित जोशी 9907109662, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संपदा लहरे 9826129827, अनिल चन्द्राकर 8817592112, निशा सिंह 9993942211, पूनम चन्द्राकर 9926169876 और मुख्य लिपिक सुनिता लाउत्रे 9977826088 को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कृषकगण मोबाइल नंबर 9907109662 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जेएलएन अस्पताल में लगाया मेडिकल कैंप



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन हास्पिटल सेक्टर द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। ईडी डां. एम रविंद्रनाथ व सीएमओ डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित डाक्टरों की टीम ने राजहरा माइंस में एक विशेष मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसमें 600 से अधिक मरीजों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। शिविर में जेएलएन अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. प्रमोद बिनायके, डॉ. सुबोध साहा, डॉ. पी. मर्सी, डॉ. रुचिर भटनागर, डॉ. तनुजा आनंद, डॉ. इमानुएल, डॉ. प्रभादीप कौर, डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. राजेश्वर राव, तथा असिस्टेंट मैनेजर पारोमिता दास गुप्ता, जूनियर मैनेजर संध्या देवी शर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. दिग्विजय तथा डीएनबी डां. रेहान, डां. मनोज डहरवाल और पुनीत ने सेवाएँ प्रदान की। इस अवसर पर सेक्टर-9 अस्पताल परिसर में, पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित खाली भूमि पर पौधारोपण किया गया। सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी के नेतृत्व में, डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. उदय कुमार, एडिशनल सीएमओ डॉ. गिरीश उमरेडकर, डॉ. नोहर सिंह ठाकुर तथा जीएम शाहिद व श्रीरंगा ने काजू, केला, औषधीय पौधों का रोपण किया। ब्लड सेंटर में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में 25 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

# टाउनशिप में करोड़ों के बालोद्यान हुए कबाड़- कहां खेलें बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

करोड़ों की लागत से दस साल पूर्व टाउनशिप में बनाए गए बालोद्यान कबाड़ हो रहे हैं। इससे बच्चों के साथ उनके पालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई उदासीन बना हुआ है।

गौरतलब हो कि दस साल पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा टाउनशिप के सभी सेक्टरों में छोटे छोटे बालोद्यानों का निर्माण किया गया था। एक सेक्टर में दो से तीन उद्यान भी निर्माण किए गए थे। सभी बालोद्यान पार्षद निधि से पार्षदों द्वारा बनवाए गए थे। सेक्टर 1 से 10 और रिसाली, रुआबांधा, मड़ौदा सेक्टर आदि सभी सेक्टरों में निर्मित बालोद्यान में झूले, शीशा, फिसलनपट्टी के साथ हाईमास्ड लाइटें भी लगाई गई गई थीं। लेकिन सभी बालोद्यान उजाड़ हो चुके हैं। सेक्टर 6 बैंक परिसर के सामने का उद्यान, सीए मार्केट के निकट उद्यान, सेक्टर 8 का उद्यान सभी के इक्यूपमेंट कबाड़ हो चुके हैं। इससे छोट बच्चों को परेशानी हो रही है। पालकों ने बताया कि बच्चों के दूर बड़े उद्यानों में जाने से चिंता बनी रहती है।

**10 साल पूर्व नगर निगम भिलाई ने पार्षद निधि से किया था निर्माण**





#### अराजक तत्वों का कब्जा

सेक्टर 7 व रिसाली सेक्टर आदि बालोद्यान सहित कई उद्यान असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बने हुए हैं। यहां दिन में आवारा लड़के लड़कियां गलबहियां डाल घूमते रहते हैं। वहीं शाम होते ही असामाजिक तत्व शराब व गांजा पीते रहते हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि लड़के नशे में आपस में विवाद और गालीगलीच कर मारपीट भी करते हैं। मना करने पर मारपीट पर उतारु हो जाते हैं।

## भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहा पुनर्विकास, रेलवे जीएम से की मांग

# भिलाई नगर स्टेशन में सड़क निर्माण के साथ रुकें प्रमुख ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप के मध्य में स्थित भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प हो जाने से आधा दर्जन सेक्टरों सहित पटरी पार की बस्तियों के लोगों को सुविधा होगी। लेकिन स्टेशन के दोनों ओर आवाजाही तथा एक्सप्रेस गाड़ियों का स्टापेज नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसे देखते हुए रेलवे जीएम से स्टेशन में दोनों ओर सड़क निर्माण और प्रमुख ट्रेनों के स्टापेज आदि सुविधाओं की मांग की गई है। उल्लेखनीय है की प्रधानमंत्री मोदी के अमृत भारत मांडल स्टेशन के तहत रेलवे द्वारा भिलाई में पावरहाउस स्टेशन और भिलाई नगर स्टेशन का पुनर्विकास किया जार है। भिलाई नगर स्टेशन का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। प्लेटफार्म के रिनोवेशन व वेटिंग हाल आदि कार्य पूर्ण हो चुका है। यात्रियों के मुताबिक इस स्टेशन में पटरीपार यानी फोरलेन की ओर पहले से पक्की सड़क बनी हुई है। टाउनशिप साइड में छत्तीसगढ़ भवन के सामने से स्टेशन जाने वाली कच्ची सड़क के डामरीकरण की योजना है लेकिन इसके आगे महाराणा प्रताप भवन के बाजू वाली जर्जर सड़क का डामरीकरण नहीं किया जा रहा है। दैनिक यात्री संघ और छग पिछड़ा प्रकोष्ठ कांग्रेस के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने भिलाई नगर स्टेशन की साठ साल पुरानी दोनों सड़कों के निर्माण की मांग की है।

**पटरीपार के लोगों को होगी सुविधा**



#### सड़क बने और स्टापेज भी

रेलवे जीएम को ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ज्यादातर यात्री व स्टूडेंट्स आदि बाजू वाली सड़क से स्टेशन जाते हैं। यह सड़क पिछले 25 साल से पूरी तरह उखड़ चुकी है,जिस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। बारिश में गड्ठों में पानी भर जाता है। यात्रियों की समस्या को देखते हुए इस सड़क का भी डामरीकरण व हाईमास्ड स्ट्रीट लाइट लगाना जरुरी है। इसके साथ स्टेशन में प्रमुख गाड़ियों का स्टापेज और एस्केलेटर सुविधा भी दी जाए।। अभी स्थिति यह है कि यहां दुर्ग से रायपुर जाने वाली नौ बजे वाली लोकल तक नहीं रुकती है।

#### पूर्णता पर है निर्माण

9.45 करोड़ की लागत से भिलाई नगर स्टेशन के किए जा रहे पूनर्विकास के तहत प्रवेश द्वार, उद्यान और लैंड स्केपिंग, अतिरिक्त सीओपी, टायलेट का संधारण, सीसीटीवी, पोर्च, दोपहिया व कारों के लिए पार्किंग,स्थाई स्ट्रक्चर पर बना सोलर पैनल, प्लेट फार्म में टूटे टाइल्स का रिनोवेशन, पक्के फुटपाथ का निर्माण, प्लेट फार्म और आफिसेस में नए फर्नीचर लगाने, ट्रेन इंडीकेशन बोर्ड, वाटर कूलर और प्लेटफार्म शेड, यात्री प्रतीक्षालय, आदि का निर्माण कार्य चालू है। इनमें वेटिंग रुम, टायलेट, प्लेटफार्म शेड, टाइल्स आदि का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

## कोहका भाजपा मंडल के मामले में सीसीटीवी फुटेज के जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दो दिन पहले स्मृतिनगर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवंतीबाई चौक के पास भाजपा नेता के साथ पुलिस द्वारा की गई कथित मारपीट और थाने में बैठाने का मामला नया मोड़ लेता दिख रहा है। जहां पुलिस ने इस मामले को दबाते हुए रफादफा किया। वहीं यूथ कांग्रेस ने एडिश्नल एसपी सिटी सुखनंदन राठौर को ज्ञापन सौंपकर घटना समय की सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे यूथ कांग्रेस भिलाई के अध्यक्ष विभोर दुरगकर, मोहम्मद सुलतान राईन, सोएब खान ने पुलिस ने जवाब मांगा है कि भाजपा नेता को किस अपराध के तहत पुलिस स्मृतिनगर चौकी ले गई और बिना कार्रवाई उन्हें कैसे छोड़ दिया। कार्यकर्ताओं ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है।

■ युवा कांग्रेस ने की निष्पक्ष जांच की मांग

### सिंगलयूज प्लास्टिक पर की कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 5 एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त टीम ने प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने अभियान चलाया। प्लास्टिक, झिल्ली, पन्नी का उपयोग प्रतिबंधित होने के बावजूद भी होटल, दुकान एवं ठेला व्यवसायियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा था। दुकानदारों एवं ग्राहकों द्वारा प्लास्टिक में सामग्री खरीदी-ब्रिकी करने के बाद उसका उपयोग कर इधर-उधर फेंक देते है, जिससे कारण शहर की सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। सेक्टर क्षेत्र के सेंट्रल एवेन्यु में ऐसे व्यवसायियों पर संयुक्त टीम द्वारा गंदगी फैलाने वालों पर चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एवं भविष्य में गंदगी न फैलाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को सफल बनाने नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार की कार्यवाही नियमित रूप से की जाएगी।

# चंद्रा-मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव से राहत देने सोलर पैनल प्रस्तावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में जलभराव के निदान हेतु ओपनवेल सबमर्सिबल पम्प एवं जनरेटर संचालित करने हेतु क्रेडा विभाग के माध्यम से सोलर पैनल स्थापित किया जाना है। जिसका स्थल निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन टीम के साथ पहुंचे। अंडरब्रिज में बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित होती है और आवागमन बाधित होती है। ऑफ ग्रिड सोलर पावर प्लांट एवं ओपन वेल सबमर्सिबल पम्प स्थापना कार्य लगभग 35 लाख की लागत से स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, इसके लगने से नागरिको को आवागमन में बहुत सुविधा मिलेगी और विद्युत व्यय में कमी आएगी।आयुक्त पाण्डेय सेक्टर 02 अंतर्गत निर्माणाधीन आस्था वृद्धाश्रम का अवलोकन किये और कार्य का जायजा लेते हुए गुणवत्ता युक्त, समयावधि में कार्य कराने हेतु कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल को निर्देशित किये। संत गुरू घासीदास उद्यान, करतार सिंह उद्यान, त्रिमूर्ति उद्यान का निरीक्षण कर उद्यानों में गाजर घास की साफ-सफाई, घास कटाई एवं अन्य व्यवस्था बनाये रखते हुए वृक्षारोपण कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किये। समीपस्थ निर्माणाधीन डोम शेड का निरीक्षण कर आवश्यक रखरखाव हेतु उपअभियंता शंकरसुवन मरकाम को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि हरीश सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ्य निरीक्षक चुर्णामणी यादव, श्याम ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## इस्पात गलन शाला में राजभाषा कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के इस्पात गलन शाला क्रमांक–3 विभाग के वेलफेयर बिल्डिंग 5 स्थित सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य अतिथि सीजीएम त्रिभुवन बैठा थे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस, डी विजित व दिलीप वार्ष्णेय, उप महाप्रबंधक कमल किशोर, हितेश डोंगरे, रजत सरकार, जावेद अहमद अंसारी, सहायक महाप्रबंधक प्रकाश आत्मपूज्य, वरिष्ठ प्रबंधक श्रुति पाण्डेय, उप प्रबंधक पुष्पा गढ़े आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री बैठा ने कहा कि हम विभागीय स्तर पर संपूर्ण नोटिंग, ड्राफ्टिंग एवं ई–मेल आदि हिंदी में ही करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रतिवेदन महाप्रबंधक उमाशंकर परगनिहा ने पढ़ा कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मेंप्रथम सीनियर मैनेजर लोकेश प्रसाद मोगरे, द्वितीय– संतोष कुमार पाण्डेय, उप प्रबंधक अर्चना अतिका सिंह रहीं। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रावधानों की जानकारी दी। हिंदी समन्वय अधिकारी उमाशंकर परगनिहा ने कार्यक्रम का संचालन किया।



# दुबई में सेल कार्यालय उद्घाटित अब वैश्विक स्थिति होगी सुदृढ़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति सुदृढ़ करने के लिए प्रतिनिधि कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यालय मध्य पूर्व में सेल का पहला अंतरराष्ट्रीय आफिस है। कार्यालय का उद्घाटन केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने किया। गया। इस अवसर पर भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार शिवन, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव वीके त्रिपाठी, तथा सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी और मेकॉन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

दुबई स्थित यह नया कार्यालय सेल के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जो इस्पात निर्यात को प्रोत्साहित करने, उद्योग से संबंधों को मजबूत करने और भारत-अमीरात व्यापार संबंधों को सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध होगा। दुबई की निवेश अनुकूल नीति और मध्य पूर्व तथा उत्तरी अफ्रीका (मेना) क्षेत्र के लिए प्रवेशद्वार के रूप में इसकी भूमिका, सेल को नवोदित वैश्विक बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने का सुअवसर प्रदान करेगी।

यह पहल भारत सरकार की उस दूरदृष्टि के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक देश में 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने और भारतीय इस्पात उद्योग की वैश्विक उपस्थिति को बढ़ाने का संकल्प लिया गया है। सेल द्वारा दुबई कार्यालय की स्थापना उसकी वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को मजबूत करती है, तथा अंतरराष्ट्रीय इस्पात परिदृश्य में भारत की उभरती हुई सशक्त भूमिका को भी रेखांकित करती है।

## पीएम आवास योजना 1.0 के रुके हुए कार्यों का किया निरीक्षण

# आयुक्त ने पीएम आवास के हितग्राहियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रं. 4 शिवाजी नगर क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 के रूके हुए लिंटेल, फाउन्डेशन एवं रूफ के घरों का निरीक्षण किया। वार्ड क्रं. 42 गौतम नगर खुर्सीपार में आनंद मसीह, कृष्ण दत्त पाण्डेय, राम प्रसाद द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। हितग्राहियों से मिलकर जानकारी प्राप्त किये और मकानों को शीध्र पूर्ण करने कहा गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों के घरों का अवलोकन किया गया। हितग्राही राम कुमार साहू, रानी बाई साहू, निर्मला देवी एवं मंगलहीन बाई को बताया गया कि भवन अनुज्ञा प्राप्त होने पश्चात घर के सामने 3.5 मीटर रोड के लिए जगह



रिक्त रखते हुए मकान का निर्माण किया जावे। घर के सामने का जगह आवागमन के लिए छोड़ा जावे, जिससे आने वाले समय में राहगिरों को परेशानी न हो। सभी बातों को ध्यान रखते हुए शीघ्र मकान निर्माण का कार्य चालू करने कहा गया।

समीपस्थ निर्माणाधीन सीवरेज लाईन का निरीक्षण किया गया, संबंधित जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा को निर्देशित किया गया कि इस बात का ध्यान रखा जावे कि बरसात का पानी गढढे में न भरे। पानी भरने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस हेतु कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट, किरण चतुर्वेदी, आदित्य ठाकुर, उत्पल शर्मा, सर्वेयर आदि उपस्थित रहे।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

04



सावन शुरू होने से पहले ही बनवा लें खास डिजाइन के सलवार सूट

**लाइव इवेंट**

## राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक में दुर्ग जिले के बच्चों ने बाजी मारी



**भिलाई।** राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन डौडी लोहार में किया गया। दुर्ग शहर के बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत ही उत्कृष्ट व सराहनीय रहा। जिले के कुल 8 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। इसमें गगन साहू, तेजेश्वनी साहू, गणेश साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबाल में राहुल टंडन सेकंड रहे। साइकिल दौड़ में सुमित जैन तीसरे, 200 मीटर दौड़ में सुमित जैन तीसरे स्थान पर रहे। फुटबाल में वरुण सेन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने की।

विशेष रूप से प्रमोद कुमार तिवारी एरिया डायरेक्टर स्पेशल ओलंपिक थे। मौके पर स्पेशल बच्चे अनुराग बिसेन नेशनल प्लेयर को उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दुर्ग के परियोजना समन्वयक सुरेंद्र पांडे ने सभी बच्चों को बधाई दी। भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

**सिटी इवेंट**

## नेशनल डॉक्टर्स डे पर बेहतर कामों के लिए सम्मानित हुए डॉ. शुक्ला



**भिलाई।** चिकित्सकों की सेवा व समर्पण को याद करने के लिए मनाए जाने वाले राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. टोपेन्द्र शुक्ला का सम्मान किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए लीनेस क्लब भिलाई द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर लीनेस क्लब भिलाई प्रेसिडेंट रीता कुकरानिया, सेकरेटरी माला पोपली, जिला सचिव सुषमा उपाध्याय, शक्ति धारानी, लता गायकवाड व सुषमा गुप्ता आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। बता दें भारत में समाज में डॉक्टरों के योगदान को मान्यता देने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पहली बार 1 जुलाई 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। डॉ. बीसी रॉय एक ऐसे व्यक्ति थे जिनका जन्मदिन बहुत खास था, उनका जन्म 01 जुलाई 1882 को हुआ था और उनकी मृत्यु 01 जुलाई 1962 को हुई थी। जन्म और मृत्यू दोनों की तारीख एक होना यह अपनेआप में अजीब संयोग है। डॉक्टर्स डे कार्यक्रम के दौरान लीनेस क्लब भिलाई की प्रेसिडेंट रीता कुकरानिया ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे जीवन में डॉक्टर की कितनी अहमियत है। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस समाज में डॉक्टरों के योगदान को सम्मान देने का दिन है। खासकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में ये दिन डॉक्टरों के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करने का होता है। डॉ. टोपेन्द्र शुक्ला भी एक ऐसे डॉक्टर हैं, जो नर्सिंग के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनकी सेवा व समर्पण के लिए उन्हें क्लब द्वारा सम्मानित किया गया है।

**सिटी इवेंट**

## विधायक देवेंद्र ने किए देव सूर्य मंदिर में दर्शन, कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



**भिलाई।** भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव इन दिनों बिहार के औरंगाबाद जिले के देव स्थित ऐतिहासिक त्रेतायुगीन पश्चिमाभिमुख सूर्य मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। देशवासियों के समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। यादव ने मंदिर की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक गौरव को नमन करते हुए कहा कि देव सूर्य मंदिर आस्था, संस्कृति और ऊर्जा का संगम स्थल है। यहाँ आकर आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

- बिहार दौरे के दौरान पहुंचे थे औरंगाबाद के देवनगर
- ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गौरव को किया नमन

दर्शन के उपरांत यादव ने औरंगाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री यादव का आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विधायक को स्मृति चिन्ह स्वरूप मंदिर की प्रतिमा भेंट की।

● **सीए फाउंडेशन डे :** बालोद, बेमेतरा, कवर्धा,राजनांदगांव से 750 सदस्यों ने की शिरकत

# शहर के सीए ने दिव्यांगजन के साथ देखी फिल्म, बिताया समय, एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर रोपे पौधे, सहेजने लिया संकल्प

**चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस की रजत जयंती के अवसर पर भिलाई शाखा में पांच दिवसीय कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए मूवी के लिए चैरिटी किया गया। साथ ही सेमिनार, कार्यशालाएं और सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर स्वच्छ भारत और एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया और सीए सदस्यों द्वारा रक्तदान कर माधव सेवा भी की। इस अवसर पर अंचल के 75 साल के वरिष्ठ 5 सीए को सम्मानित भी किया गया था। पांच दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई।**

**भिलाई।** आयोजन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय को एक साथ लाना और उनके योगदान को मान्यता देना था। रजत जयंती समारोह में बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव,बालोद, दुर्ग-भिलाई, खुर्सीपार से साढ़े सात सौ सदस्यों ने अलग-अलग दिन उपस्थिति दर्ज कराई। 27 जून से 1 जुलाई तक आयोजित भिलाई शाखा, आईसीएआई द्वारा सीए दिवस एवं सीए फाउंडेशन डे का भव्य आयोजन किया गया। सीए सप्ताह के दौरान 50 से अधिक दिव्यांग बच्चों के लिए सितारे ज़मीन पर मूवी शो के लिए चैरिटी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान बच्चों को उपहार देकर भोजन कराकर इंजायमेंट कराया गया। यह आयोजन सद्भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल रहा।



### पांच वरिष्ठ सीए को किया सम्मानित

पांच दिवसीय आयोजन में सम्मान समारोह के दौरान 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सीए जे एल जैन, सीए एस पी डे, सीए रमेश सोनछत्रा को सम्मानित किया गया। साथ ही 25 वर्षों का पेशेवर योगदान पूर्ण करने वाले सदस्यों, सीए कांता जैन, सीए देवेंद्र अग्रवाल, सीए ललित तापड़िया को परिवार सहित सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन डे और डाक्टर्स डे के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों में रूपक मंडल क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग, अभिषेक गुप्ता मुख्य प्रबंधक, विवेक राय मुख्य प्रबंधक, डॉ. सुमित जायसवाल, डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. नेहा बत्रा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी पूर्व सीए सदस्य उपस्थित थे। दिन का समापन एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ जिसमें सीए सदस्य एवं छात्रगण ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

### 25 सालों से इस सदस्यों का रहा साथ

पूरे पांच दिन तक चले सीए सप्ताह के संयोजक और निदेशक सीए मिनेश जैन एवं सीए नितिन रूंगटा, सीए भूषण चिपड़े, सीए केतन ठक्कर, सीए प्रवीण बाफना, सीए राहुल बत्रा थे। इस आयोजन में विशेष रुप से सीए जे एल जैन, सीए एन के टांक , सीए राकेश डोडी, सीए महावीर जैन, सीए पियूष जैन, सीए दीपक जैन, सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए तलविंदर सिंह, सीए सुखदेव राठी, सीए दिलीप जैन, सीए संजीव अग्रवाल, सीए पारस छाजेड़, सीए बस्तीमल सुराणा, सीए रोहित वाघेला, सीए निखिल बाघमार, सीए प्रफुल्ल कोठारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### निभाया सामाजिक उत्तरदायित्व



सीए फाउंडेशन डे की शुरुआत स्वच्छ भारत अभियान से हुई। जिसमें शाखा परिसर के आसपास की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात सीए ध्वजारोहण का आयोजन शाखा अध्यक्ष सीए राजेश बाफना एवं सचिव सीए प्रभजीत जग्गी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम थीम पर अपनी मां के नाम पर फलदार और छायादार सौ से अधिक पौधों को सीए भवन के परिसर लगाकर पौधरोपण किया। इसके बाद अपना सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# डीपीएस के बच्चों को दी ब्रशिंग टेक्निक की जानकारी, 500 छात्रों का दंत परीक्षण

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई शाखा के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से डॉक्टर्स डे के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 बच्चों का परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को पेडोंटिस्ट डॉ शहबाज़ आसिफ द्वारा व्याख्यान एवं वीडियो के माध्यम से विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ स्वस्थ आहार की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को दांत की प्रॉपर साफ-सफाई, मीठे से दूर रहने और दांत को हेल्दी रखने के लिए जरुरी टिप्स दिए। शिविर में स्कूल के प्राचार्य यशपाल शर्मा, अकादमिक समन्वयक सादिया फ़ारूख़ी और सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।






आईडीए कि ओर से अध्यक्ष डॉ. फातिमा खान और डॉ. मंजू यादव, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. विद्या वैद्य, डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. दिक्षाली इंदुरकर, डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. लवप्रीत कौर, डॉ. सुबि फरहाद, डॉ. भारती प्रसाद, डॉ. मयूरी राय, डॉ. दिव्या चौरसिया, डॉ. पूर्वा सुराना, डॉ. अंकिता रामटेके ने अपनी सेवाएं दी। स्माइल फाउंडेशन की संचालिका संतोष खंडूजा का विशेष योगदान रहा। डॉक्टर्स डे के अवसर पर स्कूल प्रबंधन और स्माइल फाउंडेशन द्वारा शिविर में उपस्थित डॉक्टरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।






### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**भिलाई।** शासकीय स्कूल धनोरा में शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर बंजारे, सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, मनहरण लाल साहू, उप सरपंच संगीता सप्रे, पूर्व सरपंच मनीष साहू उपस्थित थे। प्राचार्य नीलिमा गजपाल ने सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया। इसके बाद निःशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया गया।मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कूडो खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अनेक बार स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता होने वाली छात्रा खेलेश्वरी साहू का सम्मान किया गया। सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंद्राणी बोस, सोमा सरकार, प्रीति ताम्रकार, सारिका सोनी, स्मृति नायक, प्रियंका खापर्डे, अपर्णा तिवारी, सरस्वती बंजारे, गायत्री सैनी आदि मौजूद थे।

**निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने गार्डन का किया निरीक्षण**

# रिसाली का स्केटिंग रोल ग्राउंड अब प्रदेश में बनाएगा पहचान, बैडमिंटन और व्हालीबॉल कोर्ट का होगा विस्तार

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** रिसाली निगम के सबसे खूबसूरत गार्डन आत्मानंद की तस्वीर और भी बेहतर होने वाली है। इस गार्डन को अब राज्य स्तर पर पहचान दिलाने की कवायद शुरू की गई है। स्केटिंग रोल ग्राउंड में अब बैडमिंटन और व्हालीबॉल कोर्ट को और बड़ा किया जाएगा। ताकि राज्य और नेशनल स्तर पर इसकी पहचान हो सके। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए एक बेहतर माहौल मिल सके। इसे लेकर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर सनीर साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा ने गार्डन का निरीक्षण किया। अधिकारियों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। जानकारी के बाद वर्मा ने उप अभियंता डिगेश्वरी को निर्देशित किया कि वे वार्ड 11 स्थित आत्मानंद गार्डन के विस्तार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। इसे शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाए। तत्काल इस पर काम शुरू किया जाए।



### बड़े पैमाने पर पौधे रोपने की तैयारी, सहेजने भी अभियान

वार्ड 11 उतई मुख्य मार्ग के किनारे पौध रोपण किया जाएगा। आयुक्त और सभापति ने पौध रोपण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में बारिश प्रारंभिक स्तर पर है। शीघ्र चयनित स्थल पर पौध रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद केवल पौधे रोपना ही नहीं है, उन्हें सहेजना है और वृक्ष का रूप देना है। इसके लिए नगर निगम रिसाली लगातार प्रयासरत है। गार्डन के आसपास बड़े पैमाने पर पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। तीन महीनों में हजारों पौधे रोपे जाएंगे। आयुक्त ने कहा कि आत्मानंद गार्डन प्रदेश की पहचान है। यहां प्रदेश का एक मात्र स्केटिंग रोल ग्राउण्ड है। यहां पर बने बैडमिंटन कोर्ट और व्हालीबॉल कोर्ट का विस्तार करने प्रस्ताव शासन को भेजें। आयुक्त ने उद्यान का लगभग घंटे भर तक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, जलकार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा, प्रशिक्षक की होगी नियुक्ति

सभापति केशव बंछोर ने बताया कि इस उद्यान के विकसित होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इसे ध्यान रखते हुए ही यह निर्णय लिया गया है। उद्यान को ऑक्सीजन जोन के रूप में भी विकसित किया जाएगा। ताकि सुबह और शाम के समय लोग यहां सैर सपाटे के साथ स्वस्छ हवा लेने के लिए पहुंचे। बच्चों लिए झूले और अन्य इंतजाम गार्डन में किए जाने की तैयारी है। निगम स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही वित्तीय स्वीकृति के साथ काम भी शुरू हो जाएगा।

### जलभराव वाले हिस्से से पानी निकाली के निर्देश, बीएसपी प्रबंधन से करेंगे बात

आत्मानंद उद्यान का निरीक्षण कर आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 12 पहुंची। उन्होंने पार्षद सनीर साहू के निधि से लगे झूला और अन्य सामाग्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारिश में होने वाले जल भराव की स्थिति और बीएसपी द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन और स्वीपिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। लचर व्यवस्था होने पर बीएसपी को पत्र लिखने कहा। लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि वार्ड में कई जगहों पर जलभराव के हालात हैं, जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर आयुक्त ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने की बात कही।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129



04



सावन शुरू होने से पहले ही बनवा लें खास डिजाइन के सलवार सूट


**लाइव इवेंट**

## राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक में दुर्ग जिले के बच्चों ने बाजी मारी



**भिलाई।** राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता का आयोजन डौडी लोहार में किया गया। दुर्ग शहर के बच्चों का प्रदर्शन अत्यंत ही उत्कृष्ट व सराहनीय रहा। जिले के कुल 8 बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। इसमें गगन साहू, तेजेश्वनी साहू, गणेश साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबाल में राहुल टंडन सेकंड रहे। साइकिल दौड़ में सुमित जैन तीसरे, 200 मीटर दौड़ में सुमित जैन तीसरे स्थान पर रहे। फुटबाल में वरुण सेन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत के लाल निवेंद्र सिंह टेकाम ने की।

विशेष रूप से प्रमोद कुमार तिवारी एरिया डायरेक्टर स्पेशल ओलंपिक थे। मौके पर स्पेशल बच्चे अनुराग बिसेन नेशनल प्लेयर को उपाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में विजेता खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। दुर्ग के परियोजना समन्वयक सुरेंद्र पांडे ने सभी बच्चों को बधाई दी। भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी।

**सिटी इवेंट**

## नेशनल डॉक्टर्स डे पर बेहतर कामों के लिए सम्मानित हुए डॉ. शुक्ला



**भिलाई।** चिकित्सकों की सेवा व समर्पण को याद करने के लिए मनाए जाने वाले राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डॉ. टोपेन्द्र शुक्ला का सम्मान किया गया। चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए लीनेस क्लब भिलाई द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान क्लब द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर लीनेस क्लब भिलाई प्रेसिडेंट रीता कुकरानिया, सेकरेटरी माला पोपली, जिला सचिव सुषमा उपाध्याय, शक्ति धारानी, लता गायकवाड व सुषमा गुप्ता आदि विशेष रूप से मौजूद रहे। बता दें भारत में समाज में डॉक्टरों के योगदान को मान्यता देने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पहली बार 1 जुलाई 1991 को डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में मनाया गया था, ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी जा सके। डॉ. बीसी रॉय एक ऐसे व्यक्ति थे जिनका जन्मदिन बहुत खास था, उनका जन्म 01 जुलाई 1882 को हुआ था और उनकी मृत्यु 01 जुलाई 1962 को हुई थी। जन्म और मृत्यू दोनों की तारीख एक होना यह अपनेआप में अजीब संयोग है। डॉक्टर्स डे कार्यक्रम के दौरान लीनेस क्लब भिलाई की प्रेसिडेंट रीता कुकरानिया ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे जीवन में डॉक्टर की कितनी अहमियत है। राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस समाज में डॉक्टरों के योगदान को सम्मान देने का दिन है। खासकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में ये दिन डॉक्टरों के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करने का होता है। डॉ. टोपेन्द्र शुक्ला भी एक ऐसे डॉक्टर हैं, जो नर्सिंग के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं। इनकी सेवा व समर्पण के लिए उन्हें क्लब द्वारा सम्मानित किया गया है।

**सिटी इवेंट**

## विधायक देवेंद्र ने किए देव सूर्य मंदिर में दर्शन, कार्यकर्ताओं ने किया सम्मान



**भिलाई।** भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव इन दिनों बिहार के औरंगाबाद जिले के देव स्थित ऐतिहासिक त्रेतायुगीन पश्चिमाभिमुख सूर्य मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। देशवासियों के समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। यादव ने मंदिर की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक गौरव को नमन करते हुए कहा कि देव सूर्य मंदिर आस्था, संस्कृति और ऊर्जा का संगम स्थल है। यहाँ आकर आत्मिक शांति की अनुभूति होती है।

- बिहार दौरे के दौरान पहुंचे थे औरंगाबाद के देवनगर
- ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गौरव को किया नमन

दर्शन के उपरांत यादव ने औरंगाबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री यादव का आत्मीय स्वागत किया। स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विधायक को स्मृति चिन्ह स्वरूप मंदिर की प्रतिमा भेंट की।

**● सीए फाउंडेशन डे : बालोद, बेमेतरा, कवर्धा,राजनांदगांव से 750 सदस्यों ने की शिरकत**

# शहर के सीए ने दिव्यांगजन के साथ देखी फिल्म, बिताया समय, एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर रोपे पौधे, सहेजने लिया संकल्प

**चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस की रजत जयंती के अवसर पर भिलाई शाखा में पांच दिवसीय कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए मूवी के लिए चैरिटी किया गया। साथ ही सेमिनार, कार्यशालाएं और सामाजिक गतिविधियों के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर स्वच्छ भारत और एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया और सीए सदस्यों द्वारा रक्तदान कर माधव सेवा भी की। इस अवसर पर अंचल के 75 साल के वरिष्ठ 5 सीए को सम्मानित भी किया गया था। पांच दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गई।**

**भिलाई।** आयोजन का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय को एक साथ लाना और उनके योगदान को मान्यता देना था। रजत जयंती समारोह में बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव,बालोद, दुर्ग-भिलाई, खुर्सीपार से साढ़े सात सौ सदस्यों ने अलग-अलग दिन उपस्थिति दर्ज कराई। 27 जून से 1 जुलाई तक आयोजित भिलाई शाखा, आईसीएआई द्वारा सीए दिवस एवं सीए फाउंडेशन डे का भव्य आयोजन किया गया। सीए सप्ताह के दौरान 50 से अधिक दिव्यांग बच्चों के लिए सितारे ज़मीन पर मूवी शो के लिए चैरिटी कार्यक्रम किया गया। इस दौरान बच्चों को उपहार देकर भोजन कराकर इंजायमेंट कराया गया। यह आयोजन सद्भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल रहा।



### पांच वरिष्ठ सीए को किया सम्मानित

पांच दिवसीय आयोजन में सम्मान समारोह के दौरान 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सीए जे एल जैन, सीए एस पी डे, सीए रमेश सोनछत्रा को सम्मानित किया गया। साथ ही 25 वर्षों का पेशेवर योगदान पूर्ण करने वाले सदस्यों, सीए कांता जैन, सीए देवेंद्र अग्रवाल, सीए ललित तापड़िया को परिवार सहित सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसबीआई फाउंडेशन डे और डाक्टर्स डे के अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों में रूपक मंडल क्षेत्रीय प्रमुख दुर्ग, अभिषेक गुप्ता मुख्य प्रबंधक, विवेक राय मुख्य प्रबंधक, डॉ. सुमित जायसवाल, डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. नेहा बत्रा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी पूर्व सीए सदस्य उपस्थित थे। दिन का समापन एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ जिसमें सीए सदस्य एवं छात्रगण ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं।

### निभाया सामाजिक उत्तरदायित्व



सीए फाउंडेशन डे की शुरुआत स्वच्छ भारत अभियान से हुई। जिसमें शाखा परिसर के आसपास की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात सीए ध्वजारोहण का आयोजन शाखा अध्यक्ष सीए राजेश बाफना एवं सचिव सीए प्रभजीत जग्गी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम थीम पर अपनी मां के नाम पर फलदार और छायादार सौ से अधिक पौधों को सीए भवन के परिसर लगाकर पौधरोपण किया। इसके बाद अपना सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



### 25 सालों से इस सदस्यों का रहा साथ

पूरे पांच दिन तक चले सीए सप्ताह के संयोजक और निदेशक सीए मिनेश जैन एवं सीए नितिन रूंगटा, सीए भूषण चिपड़े, सीए केतन ठक्कर, सीए प्रवीण बाफना, सीए राहुल बत्रा थे। इस आयोजन में विशेष रुप से सीए जे एल जैन, सीए एन के टांक , सीए राकेश डोडी, सीए महावीर जैन, सीए पियूष जैन, सीए दीपक जैन, सीए प्रतीक अग्रवाल, सीए तलविंदर सिंह, सीए सुखदेव राठी, सीए दिलीप जैन, सीए संजीव अग्रवाल, सीए पारस छाजेड़, सीए बस्तीमल सुराणा, सीए रोहित वाघेला, सीए निखिल बाघमार, सीए प्रफुल्ल कोठारी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



# डीपीएस के बच्चों को दी ब्रशिंग टेक्निक की जानकारी, 500 छात्रों का दंत परीक्षण

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई शाखा के दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से डॉक्टर्स डे के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 500 बच्चों का परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को पेडोंटिस्ट डॉ शहबाज़ आसिफ द्वारा व्याख्यान एवं वीडियो के माध्यम से विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ स्वस्थ आहार की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को दांत की प्रॉपर साफ-सफाई, मीठे से दूर रहने और दांत को हेल्दी रखने के लिए जरुरी टिप्स दिए। शिविर में स्कूल के प्राचार्य यशपाल शर्मा, अकादमिक समन्वयक सादिया फ़ारूख़ी और सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।







आईडीए कि ओर से अध्यक्ष डॉ. फातिमा खान और डॉ. मंजू यादव, डॉ. दीप्ति राठौर, डॉ. विद्या वैद्य, डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. दिक्षाली इंदुरकर, डॉ. आस्था श्रीवास्तव, डॉ. लवप्रीत कौर, डॉ. सुबि फरहाद, डॉ. भारती प्रसाद, डॉ. मयूरी राय, डॉ. दिव्या चौरसिया, डॉ. पूर्वा सुराना, डॉ. अंकिता रामटेके ने अपनी सेवाएं दी। स्माइल फाउंडेशन की संचालिका संतोष खंडूजा का विशेष योगदान रहा। डॉक्टर्स डे के अवसर पर स्कूल प्रबंधन और स्माइल फाउंडेशन द्वारा शिविर में उपस्थित डॉक्टरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।







### मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**भिलाई।** शासकीय स्कूल धनोरा में शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव मनाया गया। नवप्रवेशी कक्षा नवमी के विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर बंजारे, सरपंच रूलेश्वरी बंजारे, मनहरण लाल साहू, उप सरपंच संगीता सप्रे, पूर्व सरपंच मनीष साहू उपस्थित थे। प्राचार्य नीलिमा गजपाल ने सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया। इसके बाद निःशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया गया।मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कूडो खेल में राष्ट्रीय स्तर पर अनेक बार स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेता होने वाली छात्रा खेलेश्वरी साहू का सम्मान किया गया। सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर इंद्राणी बोस, सोमा सरकार, प्रीति ताम्रकार, सारिका सोनी, स्मृति नायक, प्रियंका खापर्डे, अपर्णा तिवारी, सरस्वती बंजारे, गायत्री सैनी आदि मौजूद थे।

**निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने गार्डन का किया निरीक्षण**

# रिसाली का स्केटिंग रोल ग्राउंड अब प्रदेश में बनाएगा पहचान, बैडमिंटन और व्हालीबॉल कोर्ट का होगा विस्तार

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। रिसाली निगम के सबसे खूबसूरत गार्डन आत्मानंद की तस्वीर और भी बेहतर होने वाली है। इस गार्डन को अब राज्य स्तर पर पहचान दिलाने की कवायद शुरू की गई है। स्केटिंग रोल ग्राउंड में अब बैडमिंटन और व्हालीबॉल कोर्ट को और बड़ा किया जाएगा। ताकि राज्य और नेशनल स्तर पर इसकी पहचान हो सके। खिलाड़ियों को ट्रेनिंग के लिए एक बेहतर माहौल मिल सके। इसे लेकर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर सनीर साहू, आयुक्त मोनिका वर्मा ने गार्डन का निरीक्षण किया। अधिकारियों से वस्तु स्थिति की जानकारी ली। जानकारी के बाद वर्मा ने उप अभियंता डिगेश्वरी को निर्देशित किया कि वे वार्ड 11 स्थित आत्मानंद गार्डन के विस्तार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। इसे शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाए। तत्काल इस पर काम शुरू किया जाए।



### बड़े पैमाने पर पौधे रोपने की तैयारी, सहेजने भी अभियान

वार्ड 11 उतई मुख्य मार्ग के किनारे पौध रोपण किया जाएगा। आयुक्त और सभापति ने पौध रोपण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में बारिश प्रारंभिक स्तर पर है। शीघ्र चयनित स्थल पर पौध रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा मकसद केवल पौधे रोपना ही नहीं है, उन्हें सहेजना है और वृक्ष का रूप देना है। इसके लिए नगर निगम रिसाली लगातार प्रयासरत है। गार्डन के आसपास बड़े पैमाने पर पौधे रोपे जाएंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। तीन महीनों में हजारों पौधे रोपे जाएंगे। आयुक्त ने कहा कि आत्मानंद गार्डन प्रदेश की पहचान है। यहां प्रदेश का एक मात्र स्केटिंग रोल ग्राउण्ड है। यहां पर बने बैडमिंटन कोर्ट और व्हालीबॉल कोर्ट का विस्तार करने प्रस्ताव शासन को भेजें। आयुक्त ने उद्यान का लगभग घंटे भर तक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी बृजेन्द्र परिहार, जलकार्य विभाग प्रभारी गोपाल सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए मिलेगी बेहतर सुविधा, प्रशिक्षक की होगी नियुक्ति

सभापति केशव बंछोर ने बताया कि इस उद्यान के विकसित होने से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। इसे ध्यान रखते हुए ही यह निर्णय लिया गया है। उद्यान को ऑक्सीजन जोन के रूप में भी विकसित किया जाएगा। ताकि सुबह और शाम के समय लोग यहां सैर सपाटे के साथ स्वस्छ हवा लेने के लिए पहुंचे। बच्चों लिए झूले और अन्य इंतजाम गार्डन में किए जाने की तैयारी है। निगम स्तर पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। जल्द ही वित्तीय स्वीकृति के साथ काम भी शुरू हो जाएगा।

### जलभराव वाले हिस्से से पानी निकाली के निर्देश, बीएसपी प्रबंधन से करेंगे बात

आत्मानंद उद्यान का निरीक्षण कर आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 12 पहुंची। उन्होंने पार्षद सनीर साहू के निधि से लगे झूला और अन्य सामाग्री का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बारिश में होने वाले जल भराव की स्थिति और बीएसपी द्धारा किए जा रहे डोर टू डोर कलेक्शन और स्वीपिंग कार्य के बारे में जानकारी ली। लचर व्यवस्था होने पर बीएसपी को पत्र लिखने कहा। लोगों ने उन्हें जानकारी दी कि वार्ड में कई जगहों पर जलभराव के हालात हैं, जिसकी वजह से लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ रही है। इस पर आयुक्त ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा करने की बात कही।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को कई पदक



**रायपुर।** नागपुर में 26 जून से 29 जून 2025 तक आयोजित 10वीं राष्ट्रीय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। इसमें 2 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। इस शानदार उपलब्धि के पीछे टीम के कोच एवं सचिव भूपेंद्र कुमार प्रसाद का उचित मार्गदर्शन व उनकी रणनीति शामिल है। मिनी गोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से हेमंत खुटे ने बताया कि इससे पूर्व प्रदेश की टीम ने गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में भी शानदार प्रदर्शन कर 1 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 5 पदक जीतकर प्रदेश का को गौरवान्वित की थी। छत्तीसगढ़ मिनी गोल्फ टीम इस बार शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न श्रेणियों में कई पदक प्रदेश के नाम करने में कामयाब रही। जिसमें पुरुषों की स्ट्रोक टीम से नीलसागर पटेल, मेहुल कुमार साहू, अंशुमान शर्मा, संजीव नायक, हर्षवर्धन पटेल और सोमेश पटेल ने उम्दा खेल का प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। वहीं महिलाओं की स्ट्रोक टीम ने भी कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इस टीम में वंदना मिंज, सीमा यादव, तेजेश्वरी नायक, ओमिका लाकड़ा, नेहा दीवान व एंगल पटेल शामिल थी। ज्ञात हो कि नीलसागर पटेल और मेहुल कुमार साहू की युगल जोड़ी ने शानदार सफलता अर्जित कर प्रदेश की टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। एकल इवेंट स्ट्रोक में सीमा यादव ने रजत पदक जीता। इसी तरह से महिला स्पीड मिनी गोल्फ़ टीम ने कांस्य भी कांस्य पदक हासिल किया। जिसमें सीमा यादव, वंदना मिंज, नेहा दीवान, चैन कुमारी निषाद, मनुप्रिया खेमका और लीजा नायक शामिल थीं। महिला वर्ग की युगल जोड़ी में चैन कुमारी निषाद व मनु प्रिया खेमका ने डबल स्ट्रोक इवेंट में प्रदेश की टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। एकल इवेंट स्ट्रोक में सीमा यादव ने रजत पदक जीता। पुरुषों की स्पीड मिनी गोल्फ़ टीम ने भी कांस्य पदक जीता, जिसमें हर्षवर्धन पटेल, हेमंत पटेल, प्रेम पटेल, मनमोहन नायक, उदय नायक और डिंकल पटेल शामिल थे। इनके अलावा, विशाल पोपट ने एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और किंजल पोपट के साथ मिलकर मिश्रित युगल स्पर्धा में रजत पदक जीता। नॉकआउट महिला युगल स्पर्धा में दिशा पटेल और लीजा नायक की युगल जोड़ी ने कांस्य पदक जीतने में सफल रही। चैंपियनशिप से लौटने के बाद खिलाड़ियों ने विधानसभा अध्यक्ष डा.रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।

### श्रीमंत को नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग में स्वर्ण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के होनहार खिलाड़ी श्रीमंत झा ने नेशनल पैरा आर्म-रेसलिंग प्रतियोगिता में 85 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता केरल के त्रिशूर में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर के शीर्ष स्तर के पैरा पुरुष और महिला पंजा कुश्ती खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीमंत झा ने फाइनल मैच में तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया और इसे अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वालों को समर्पित किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश आम रेसलिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने श्रीमंत झा को बधाई दी है, जिनमें जी सुरेश बाबे (प्रेसिडेंट), श्रीकांत (जनरल सेक्रेटरी), कृष्णा साहू और अन्य अधिकारी शामिल हैं। श्रीमंत झा की इस उपलब्धि से छत्तीसगढ़ को गर्व है और प्रदेश के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। हमें उम्मीद है कि उनकी इस सफलता से प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा और वे अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे।

### राष्ट्रीय स्टैंडबॉल में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** मथुरा में होने वाली राष्ट्रीय स्टैण्ड बॉल चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ की महिला पुरुष टीम गुरुवार को रवाना हुई। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जाविद अली ने बताया कि प्रतियोगिता मथुरा में 5 और 6 जुलाई को होगी टीम के कोच मनीष मुखर्जी को बनाया गया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की टीमें शामिल हो रहे है। छत्तीसगढ़ टीम की मैनेजर डॉ शाज़िया अली है। छत्तीसगढ़ स्टैण्ड बॉल टीम के कप्तान पुरुष वर्ग में लव सिंह और महिला टीम की अस्मिता लकड़ा है।

## रोजमर्रा के खानपान पर निर्भर है हमारे लिवर की सेहत

# दिनचर्या की बिगड़ी हुई आदतों से बढ़ जाता है फैटी लिवर रोग का खतरा, हो जाइए सावधान

अक्सर कुछ लोगों को फैटी लिवर की समस्या होती है। इसके पीछे कई कारण हो सकता है। इन्हीं में से एक प्रमुख कारण हमारे दिनचर्या की कुछ गलत आदतें हो सकती हैं। आजकल फैटी लिवर रोग एक तेजी से बढ़ती हुई और चिंताजनक स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है, जहां हमारे लिवर में सामान्य से अधिक फैट जमा हो जाती है। यह कोई साधारण बीमारी नहीं है, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जिसके दूरगामी गंभीर परिणाम हो सकते हैं। फैटी लिवर मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है: अल्कोहलिक फैटी लिवर, जो शराब के अत्यधिक सेवन से जुड़ा है, और नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर, जिसका संबंध हमारी आधुनिक, अक्सर खराब जीवनशैली से है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यदि इस रोग पर समय रहते ध्यान न दिया जाए, तो गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।



### अधिक तला-भुना और प्रोसेस्ड भोजन

फास्ट फूड, तले हुए स्नैक्स और प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में सैचुरेटेड फैट और चीनी की मात्रा अधिक होती है, जो लिवर में फैट जमा करती है। नियमित रूप से जंक फूड खाने से लिवर पर दबाव पड़ता है और



सूजन बढ़ती है। इसके बजाय, हरी सब्जियां, फल, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे दाल और पनीर, डाइट में शामिल करें।

### गतिहीन जीवनशैली

लंबे समय तक बैठे रहना और व्यायाम की कमी मोटापे और फैटी लिवर का कारण बनती है। गतिहीन जीवनशैली मेटाबॉलिज्म को धीमा करती है, जिससे वसा लिवर में जमा होने लगती है। रोजाना कम से कम 30 मिनट की सैर, योग या हल्का व्यायाम करें। यह लिवर को स्वस्थ रखता है और वजन नियंत्रित करता है। नियमित शारीरिक गतिविधि रक्त संचार को भी बेहतर बनाती है।

### शराब का सेवन

शराब फैटी लिवर का सबसे प्रमुख कारणों में से एक है। यह लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाती है और



उसमें फैट को बढ़ाती है। अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग समय के साथ सिरोसिस में बदल सकता है। कम मात्रा में भी शराब का सेवन आपके लिवर को प्रभावित करता है, इसलिए शराब नहीं पीना चाहिए। इसके बजाय गुनगुना पानी, हर्बल चाय या नींबू पानी पिएं। साथ ही लिवर को डिटॉक्स करने के लिए पर्याप्त पानी (2-3 लीटर रोज) पिएं।

### अधिक मात्रा में चीनी का सेवन

अधिक मात्रा में चीनी का सेवन फैटी लिवर रोग का एक प्रमुख कारण है। चीनी खाने से लिवर में फैट बढ़ती है। जब हमारा लिवर ज्यादा चीनी पचाता है, तो वह उसे ट्राइग्लिसराइड्स नाम के फैट में बदल देता है। इसी वजह से नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर रोग होने का खतरा बढ़ जाता है।



## जानलेवा साबित हो सकती है जवां दिखने की चाहत

एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला की मौत के बाद एंटी-एजिंग दवाइयों और इंजेक्शन्स को लेकर काफी चर्चा हो रही है। आजकल उम्र से जवां और खूबसूरत नजर आने के लिए कई महिलाएं इनका इस्तेमाल कर रही हैं। कहीं जवां दिखने की यह चाहत जानलेवा तो साबित नहीं हो सकती है इस बारे में यशोदा हास्पिटल हैदराबाद की डॉ. शीरीन जोस जानकारी दे रही हैं।

### एंटी-एजिंग दवाइयों का असर



एक्सपर्ट का कहना है कि एंटी-एजिंग थेरेपीज जैसे बोटॉक्स, ग्लूटाथियोन और अन्य इंजेक्शन्स को लेकर काफी सवाल किए जाते हैं। इनके इस्तेमाल से पहले इनके फायदे और नुकसान दोनों के बारे में जानना जरूरी है।

मार्केट में कई ऐसी एंटी-एजिंग दवाइयां और इंजेक्शन्स मौजूद हैं, जो दावा करते हैं कि उन्हें आधिकारिक तौर पर एफडीए या सीडीएससीओ से अप्रूवल मिला है लेकिन ऐसा नहीं है। विटामिन-सी और ग्लूटाथियोन का इस्तेमाल एंटी-एजिंग या त्वचा को गोरा करने के लिए किया जाता है। इनके फॉमूलेशन का अक्सर प्रायोगिक चिकित्सा या ऑफ-लेबल के रूप में इस्तेमाल किय जाता है। इससे साफ है कि इनकी सेफ्टी, खासतौर पर लिवर और दिल पर इनके असर के बारे में ठोस प्रमाण नहीं है।

इन ट्रीटमेंट्स के कई संभावित खतरे भी हैं। जैसे जब ग्लूटाथियोन या पेप्टाइड्स पर आधारित इंजेक्शन्स लिए जाते हैं, तो दिल पर दबाव पड़ता है। खासतौर पर अगर आप फास्ट कर रही हैं या डिहाइड्रेटेड हैं। बहुत कम मामलों में इससे हार्ट बीट रुक सकती है या बीपी एकदम ड्रॉप हो सकता है। कई बार इनका लिवर, किडनी और नर्वस सिस्टम पर रिएक्शन होता है।

कई क्षेत्रों में इसे लेकर सही नियमों की भी कमी है, जिसके चलते अस्वीकृत या मिश्रित दवाइयों की ब्रिकी हो रही है। इनमें से कई प्रोडक्ट्स ऐसे लोगों द्वारा मार्केट में भेजे जा रहे हैं, जिन्हें मेडिकल से जुड़ी जानकारी जयादा नहीं है। यह भी खतरनाक बात है। इससे अनुचित अनुप्रयोग, गलत खुराक और हेपेटाइटिस या एचआईवी जैसे संक्रामक परिणामों की संभावना बढ़ जाती है।

इन थेरेपीज के कई साइड-इफेक्ट्स भी होते हैं। इनमें सिरदर्द, सूजन आना या स्किन पर चोट जैसे निशान नजर आना शामिल हैं। गंभीर साइड-इफेक्ट्स में दिल से जुड़ी दिक्कतें, मांसपेशियों में ढीलापन और एलर्जिक रिएक्शन हो सकते हैं। उम्र बढ़ने का असर सेहत और स्किन दोनों पर दिखाई देता है. 30 से 35 की उम्र के बाद झुर्रियां, फाइन लाइन्स, दाग-धब्बे और स्किन का ढीला होने जैसे कई एंटी-एजिंग लक्षण दिखाने लगते हैं. यह बहुत आम बात है, लेकिन कुछ लोग इन्हें कम करने या रोकने के लिए एंटी-एजिंग प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं. मार्केट में कई एंटी-एजिंग क्रीम, सीरम जैसी स्किन पर लगाने वाली चीजें शामिल है, जिसका उपयोग जरूरत के मुताबिक कर किया जाता है. वहीं इसमें कुछ दवाएं और इंजेक्शन भी शामिल है, लेकिन इससे सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। दिल्ली के अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर संदीप अरोड़ा ने बताया कि एंटी-एजिंग दवाएं अगर बिना डॉक्टर की सलाह के या गलत तरीके से ली जाएं, तो इससे सेहत को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है।



# सूरजमुखी बीज में सेहत का खजाना

सूरजमुखी के बीजों में मौजूद विटामिन ई और फ्लेवोनॉइड्स सूजन को कम करने में मदद करते हैं। एक अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार सूरजमुखी के बीज खाने वाले लोगों में सूजन के संकेतक का स्तर 32% कम पाया गया।

### कैसे खाएं सूरजमुखी के बीज?

स्नैकिंग के लिए: इन्हें भूनकर हल्का नमक डालकर खा सकते हैं। सलाद या स्मूदी में: इनके कच्चे या भुने हुए बीजों को सलाद और स्मूदी में डालें। ब्रेड और मफिन में: सूरजमुखी के बीजों को मल्टीग्रेन ब्रेड या मफिन के आटे में मिलाकर बेक कर सकते हैं।

### हृदय रोग का जोखिम कम करें

सूरजमुखी के बीजों में मौजूद मैग्नीशियम और लिनोलेइक फैटी एसिड रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, ये रक्त वाहिकाओं को आराम देते हैं और हृदय के स्वास्थ्य में सुधार करते हैं।

### मधुमेह के लिए फायदेमंद

सूरजमुखी के बीजों में मौजूद क्लोरोजेनिक एसिड रक्त शर्करा को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह पाचन प्रक्रिया को धीमा करता है, जिससे रक्त में शर्करा का स्तर धीरे-धीरे बढ़ता है।

### वजन घटाने में मददगार

इन बीजों में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो पेट को लंबे समय तक भरा महसूस कराती है। साथ ही, इनमें वसा की मात्रा कम होती है, जिससे ये वजन घटाने के आहार में शामिल किए जा सकते हैं।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

सूरजमुखी के बीज एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते



हैं, जो त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद करते हैं।

**सूरजमुखी के बीज के संभावित नुकसान**

### कैलोरी और सोडियम

हालांकि सूरजमुखी के बीज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, लेकिन इनमें कैलोरी अधिक होती है। यदि आप वजन घटाने का प्रयास कर रहे हैं, तो इन्हें नियंत्रित मात्रा में ही खाएं।


### कैडमियम की उपस्थिति

सूरजमुखी के पौधे मिट्टी से कैडमियम अवशोषित करते हैं, जो बीजों में जमा हो सकता है। यह भारी धातु यदि अधिक मात्रा में शरीर में पहुंच जाए, तो यह किडनी को नुकसान पहुंचा सकती है।

### एलर्जी

कुछ लोगों को सूरजमुखी के बीजों से एलर्जी हो सकती है, जिससे त्वचा पर चकत्ते, खुजली, सांस लेने में कठिनाई और यहां तक कि एनाफिलेक्सिस जैसे गंभीर लक्षण हो सकते हैं।

# रुद्राभिषेक के समय नंदी मुख जलाधारी का महत्व जान लीजिए



इस साल सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस महीने में कई सारे लोग अपने घर में रुद्राभिषेक करवाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसका खास फल आपको मिलता है। इसमें कई सारी चीजों का इस्तेमाल होता है। लेकिन नंदी मुख जलाधारी का इस्तेमाल शिवजी के जलाभिषेक के लिए किया जाता है। पंडित जन्मेश द्विवेदी से जानते हैं इसका इस्तेमाल क्यों और कैसे किया जाता है।

### रुद्राभिषेक में नंदी मुख जलाधारी का इस्तेमाल क्यों होता है

हम सभी को पता है कि भगवान शिव के प्रिय गण नंदी महाराज माने जाते हैं। जहां भगवान शिव होते हैं वहां नंदी भगवान जरूर होते हैं। ऐसे ही भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी नंदी मुख जलाधारी से किया जाता है। क्योंकि इन्हें ज्ञान, धर्म, तपस्या, समर्पण और प्रतीक्षा का प्रतीक माना जाता है। इससे रुद्राभिषेक करने से भगवान के प्रति आपका भाव और समपर्ण सीधा उनके पास पहुंचता है।

शिवलिंग पर चढ़ाया गया जल, दूध, या अन्य सामग्री इसी जलाधारी से बाहर निकलता है। जब आप इस जलाधारी से भगवान शिव का रुद्राभिषेक करवाएं तो नंदी मुख उत्तर दिशा में होना चाहिए। इससे भक्त के लिए लाभकारी होता है।

**कार्नर न्यूज**

## बच्चे की परवरिश में ध्यान देनी होती है बहुत सी बातें

# बच्चा आपकी बात नहीं मानता और हर बात में करता है बहस तो कुछ टिप्स अपना कर बदल सकते हैं मिजाज

हर कोई चाहता है कि उनका बच्चा तेज-तर्रार बने। इसके लिए लोग अपने बच्चे को बचपन से ही हाजिर जवाबी सिखाने लगते हैं। जब आप उन्हें हाजिर जवाबी सिखाते है, तो उनके जवाबों पर भी ध्यान देना जरूरी है, क्योंकि कई मामलों में हाजिर जवाबी बच्चे बहस करना सीख जाते हैं। बच्चों का हर बात पर बहस करना उनके व्यवहार पर असर डाल सकता है। ऐसे बच्चों को यदि सही उम्र में समझाया न जाए तो ये बहस की आदत लोगों को आगे जाकर बच्चे की परवरिश पर सवाल उठाने पर मजबूर कर देती है। तो यदि आपका बच्चा हर बात में बहस करता है? तो ऐसे उसे कुछ आसान तरीके अपनाकर समझाएं।



### जानें बहस का कारण

यदि आपका बच्चा बहस कर रहा है तो पहले उसका कारण जानें। कई बार बच्चा जब थका होता है, या फिर उसे कोई बात बुरी लगी है, या हो सकता है कि उसे भूख लगी हो, उसी वक्त बच्चा सबसे ज्यादा चिड़चिड़ा हो जाता है और बहस करने लगता है। ऐसे में उसे डांटने की जगह उसकी बात सुनकर उसकी समस्या हल करे।

### भड़के तो कतई नहीं

जिस समय आपका बच्चा बहस कर रहा है तो उस वक्त शांत रहें। अगर आप उस वक्त गुस्सा करेंगे तो हो सकता है कि आपका बच्चा और भी ज्यादा भड़क जाए। या हो सकता है कि वो काफी डर जाए। इसलिए जब वो बहस कर रहा है तो शांत रहकर उसकी बात सुनें।

### सुनने की आदत डालें


कई बार बच्चों को लगता है कि कोई उनकी बात नहीं सुन रहा है। ऐसे समय पर वो काफी चिड़चिड़े हो जाते हैं और फिर बहस करने लगते हैं। ऐसे समय में अपने बच्चे को ये एहसास कराएं कि आप उनकी हर बात सुनते हैं। उसकी बात ध्यान से सुनें और जवाब में कहें: मुझे समझ आ रहा है कि तुम क्या कहना चाह रहे हो... ताकि उन्हें आपपर भरोसा हो।

### विकल्प दें, आदेश नहीं

कभी भी अपने बच्चे को आदेश नहीं है। बच्चे हमेशा जो आप कहेंगे उसका उल्टा ही करते हैं। ऐसे में हमेशा उन्हे विकल्प दें। जब आप उन्हें दो विकल्प देंगे तो उसमें से एक का वो चयन कर लेंगे बिना बहस किए। इससे बच्चे को आत्मनिर्भर होने की भावना मिलती है और वो टकराव कम करता है।

### पॉजिटिव व्यवहार को सराहें

अगर आपका बच्चा बहस करने के बाद आपकी बात सुन लेता है, तो उसे ऐसी ही न जाने दें। बल्कि उसके इस व्यवहार को सराहें। यानी कि जब बच्चा बिना बहस के बात मानता है, तो तुरंत तारीफ करें। जैसे उससे कहें कि ₹आज तुमने बहुत समझदारी से बात मानी, मुझे अच्छा लगा।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एफ 1' के सीक्वल में टॉम क्रूज और ब्रैड पिट की जुगलबंदी पर कयास है जारी



हॉलीवुड की दुनिया में जोसेफ कोसिंस्की की नई फिल्म 'एफ 1' इन दिनों चर्चाओं का विषय बनी हुई है। फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इस रेसिंग ड्रामा को लेकर दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। लेकिन अब इस फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी खबर सामने आई है-डायरेक्टर जोसेफ कोसिंस्की अगली कड़ी में ब्रैड पिट और टॉम क्रूज को साथ लाने का सपना देख रहे हैं! जी हां, ये ख्वाहिश फिल्ममेकर ने हाल ही में शेयर की है। हाल ही में एक इंटरव्यू में कोसिंस्की ने बताया कि अगर उन्हें मौका मिला, तो वो F1 के सीक्वल में टॉम क्रूज को 'डेज ऑफ थंडर' वाले उनके मशहूर किरदार कोल ट्रिकल के रूप में वापस लाना चाहेंगे। उनका प्लान है कि कोल ट्रिकल और ब्रैड पिट के 'एफ 1' कैरेक्टर सॉनी हेस को एक साथ लाया जाए यानी दो रेसर जो कभी कट्टर प्रतिद्वंद्वी थे। ये आइडिया कोसिंस्की को उस समय आया जब उन्होंने सुना कि 'इंटरव्यू विद ए वैंपायर' की शूटिंग के दौरान ब्रैड और टॉम ने एक जबरदस्त गो-कार्ट रेस की थी। दिलचस्प बात यह है कि ये पहली बार नहीं है जब कोसिंस्की इन दो दिग्गज सितारों को एक साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले वो 'फोर्ड वी फरारी' के लिए ब्रैड पिट और टॉम क्रूज को साइन करना चाहते थे, जहां दोनों असली रेसिंग सीन करते। लेकिन बजट की सीमाओं के चलते ये प्लान धराशायी हो गया और फिल्म में बाद में क्रिश्चियन बेल और मैट डेमन नजर आए। ब्रैड पिट और टॉम क्रूज ने आखिरी बार 1994 में हॉरर फिल्म 'इंटरव्यू विद ए वैंपायर' में साथ काम किया था।

### टॉलीवुड

## दशक भर बाद फिर से डायरेक्टर की कमान संभालेंगे सूर्या, साउथ इंडस्ट्री ने किया रिएक्ट



साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता और निर्देशक एसजे सूर्या एक दशक बाद निर्देशक की कुर्सी पर फिर से लौटने जा रहे हैं। साल 2015 में फिल्म 'इसाई' के जरिए निर्देशन करने वाले सूर्या अब अपनी अगली फिल्म 'किलर' के साथ वापसी कर रहे हैं, जिसे उन्होंने अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया है। इस खबर के सामने आते ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और दर्शकों के बीच इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। एसजे सूर्या की ये नई फिल्म 'किलर' मलयालम की जानी-मानी प्रोडक्शन कंपनी श्री गोकुलम मूवीज और एसजे सूर्या की एंजेल स्टूडियोज के बैनर तले बनाई जा रही है। सूर्या ने खुद सोशल मीडिया पर इसका ऐलान करते हुए लिखा कि यह फिल्म उनके दिल के बेहद करीब है और इसके लिए उन्होंने निर्माता गोकुलम गोपालन का आभार व्यक्त किया।
सूर्या ने साथ में फिल्म से जुड़े कुछ फोटोज भी शेयर किए, जिसमें वो गोकुलम गोपालन के साथ नजर आ रहे हैं। एक खास बात ये भी रही कि उन्होंने फिल्म में एक्ट्रेस प्रीति असनारी को 'किलर गर्ल' बताते हुए उनके किरदार को लेकर सस्पेंस भी बढ़ा दिया।

एसजे सूर्या की डायरेक्टोरियल वापसी पर साउथ के तमाम बड़े स्टार्स ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। राघव लॉरेंस ने लिखा, 'आपके निर्देशन में वापसी की खबर सुनकर खुशी हुई। आप निर्देशक से बढ़कर एक जबरदस्त एक्टर भी हैं। उम्मीद करता हूं ये फिल्म आपको एक हीरो के तौर पर भी बड़ी सफलता दिलाए।' वहीं, धनुष ने भी उन्हें सपोर्ट करते हुए लिखा, 'आप इस प्रोजेक्ट को लेकर जितने पैशनेट हैं, वो मैं जानता हूं। आपकी इस फिल्म के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। ऑल द बेस्ट' सिलंबरासन टीआर ने सूर्या को एक बेहतरीन स्टोरीटेलर बताया और उनके नए सफर के लिए शुभकामनाएं दीं।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'डंस' की डिजिटल रिलीज, दिखा भोजपुरी एक्टर के एक्शन का दम




भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' ने फरवरी में सिनेमाघरों में दस्तक दी। दर्शकों को फिल्म खूब पसंद आई। एक्शन से भरपूर यह फिल्म अब ऑनलाइन रिलीज हो चुकी है। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए एक्टर ने खुशखबरी दी है। रविवार 29 जून को ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन भोजपुरी के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसके बाद फिल्म 30 जून को सवा बारह बजे रिलीज की गई। सिनेमाघरों में अगर किसी वजह से दर्शक खेसारी की यह फिल्म नहीं देख पाए, तो अब उनके पास सुनहरा मौका है। इस फिल्म में खेसारी लाल एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। एक्टर की फिल्म की ऑनलाइन रिलीज के एलान से फैंस गदगद हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, 'सुपरहिट मूवी'। एक यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार था'।

खेसारी लाल यादव इन दिनों 'दिलवा चोरी कै के' गाना भी रिलीज हो चुका है। इसमें खेसारी शिल्पी राज के साथ नजर आए हैं। गाना यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। हमेशा की तरह खेसारी अपने डांस से दर्शकों का दिल जीतते दिखे हैं। शिल्पी के साथ उनकी केमिस्ट्री शानदार है।




हरे-भरे माहौल को पृष्ठभूमि में समेटे इतालवी फैशन हाउस डोल्से एंड गब्बाना ने अपने कैटवॉक शो में फैशनपरस्तों को जंगल की सैर कराई, जिसमें तेंदुए के प्रिंट वाली बिकनी या कोर्सेट टॉप के साथ पहने जाने वाले ड्रेस और शॉर्ट्स , बैज और खाकी बेल्ट वाली शर्ट और कार्गो ट्राउजर परिधान पेश किया। डिजाइनर डोमेनिको डोल्से और स्टेफानो गब्बाना ने सफारी लुक के साथ अपनी वूमन्सवियर लाइन की शुरुआत की।

## 15 दिन तक हर रोज होंठों पर लगाएं शहद और देखें असर



शहद, जो हर भारतीय घर में बड़ी ही आसानी से मिल जाता है, इसका इस्तेमाल तमाम तरह के पकवान को बनाने में किया जाता है। इसमें पाए जाने वाले तत्व सेहत के लिए काफी लाभयादक होते हैं। पर, क्या आप जानते हैं कि बाजार में मिलने वाला यही शहद आपकी त्वचा और होंठों की कई दिक्कतों को दूर कर सकता है।

जी हां, इसी शहद को अगर लगातार 15 दिन नियमित रूप से होंठों पर अप्लाई किया जाए तो उससे आपको काफी लाभ मिलेगा। यहां हम आपको इन्हीं लाभों के बारे में बताएंगे। इसके साथ-साथ हम आपको होंठों पर शहद इस्तेमाल करने का सही तरीका भी बताएंगे, ताकि आप इसका लाभ उठा सकें।

### फटे होंठ की समस्या होगी खत्म

यदि आप नियमित रूप से अपने होंठों पर शहद अप्लाई करेंगे, तो इससे आपके होंठों का फटना बंद हो जाएगा। दरअसल, शहद के एंटीसेप्टिक गुण होंठों का रूखापन दूर करने का काम करते हैं। जिस कारण होंठ नरम और स्वस्थ बने रहते हैं

### होंठ होंगे मुलायम

होंठों का रूखापन बढ़ने के वजह ये काफी फटने लगते हैं। ऐसे में शहद होंठों को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे होंठ चिकने और कोमल महसूस होते हैं। इसलिए यदि आप चाहते हैं कि आपके होंठ मुलायम रहें तो शहद का इस्तेमाल लगातार 15 दिन तक करें।

### कालापन होगा दूर

यदि आपके होंठ पिग्मेंटेड हो रहे हैं, यानि की उनका कालापन बढ़ रहा है तो भी आप लगातार 15 दिन तक होंठों पर शहद अप्लाई करके देख सकते हैं। लगातार शहद के इस्तेमाल से होंठों का काला या फीका रंग दूर होता है और उनका प्राकृतिक गुलाबीपन वापस आता है।

### होंठों पर आएगी चमक

लगातार 15 दिन तक होंठों पर शहद अप्लाई करेंगे तो इसकी वजह से आपके होंठों पर चमक आएगी। इससे आपका लुक भी काफी अच्छा और खूबसूरत दिखेगा। तो देर न करते हुए आज ही से इसका इस्तेमाल शुरू करें।

## सावन शुरू होने से पहले ही बनवा लें खास डिजाइन के सलवार सूट









कुछ ही दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है। इस माह में अधिकतर महिलाएं सोलह श्रृंगार कर भगवान महादेव की पूजा आराधना करती हैं। ऐसे में अगर आप भी सावन के महीने में अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो ये खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे लेटेस्ट डिजाइन वाले सलवार सूट बताएंगे, जिन्हें देखते ही आपका उन्हें खरीदने का मन करेगा।

### कॉटन प्रिंटेड पिंक कलर सलवार सूट



अगर आप इस साल सावन के महीने में अपने लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट बनाना चाहती हैं, तो अब आप इस खूबसूरत कॉटन प्रिंटेड पिंक कलर सलवार सूट को ट्राई कर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इस तरह के सूट को आप टेलर के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकती हैं।

### सी ग्रीन प्रिंटेड पटियाला सलवार सूट

अपनी खूबसूरती में रंग भरने के लिए और इस साल सावन के महीने में भीड़ से हटकर दिखने के लिए अगर आप भी आउटफिट तलाश रही हैं, तो आपके लिए यह सी ग्रीन प्रिंटेड पटियाला सलवार सूट भी बेस्ट हो सकता है। इसे पहनकर आप न सिर्फ अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं, बल्कि इसमें आप आरामदायक भी महसूस करेंगी।

### मैरून प्रिंटेड सलवार सूट

सावन का महीना शुरू होने से पहले आप बाजार से कपड़ा लाकर टेलर की मदद से अपनी साइज का सूट बनवा सकती हैं या इस खूबसूरत मैरून प्रिंटेड सलवार सूट को ऑनलाइन भी मंगा सकती हैं। यह सूट आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा। आप इसे पहनकर किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। इसके साथ आप दुपट्टा शामिल कर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## खूबसूरती बढ़ा देगी कुंदन नोज पिन


चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए महिलाएं कई प्रयास करती हैं। वे मेकअप से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज ट्राई करती हैं। ऐसे में अगर आप भी एक्सेसरीज पहनना पसंद करती हैं, तो आपके लिए ये खबर बेस्ट हो सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसी नाथ की डिजाइन बताएंगे, जिसे आप ट्राई कर ऍन चेहरे को खूबसूरत बना सकती हैं।

### मल्टी कलर गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन

सोने के भाव में उतार-चढ़ाव होता रहता है। ऐसे में अब आप अपने लिए सोने की नोज पिन बनाने का सोच रही हैं, तो अब आप मल्टी कलर गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन को ट्राई कर सकती हैं। इस नोज पिन में आप बेहद खूबसूरत लगेंगी। ऐसी नोज पिन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

### गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन

अपने लुक को डिफरेंट और स्टाइलिश बनाने के लिए अगर आप भी ट्रेडिशनल या एथनिक ड्रेस के साथ एक्सेसरीज तलाश रही हैं, तो



आपके लिए यह खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड जड़ाऊ कुंदन नोज पिन एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इस नोज पिन को पहनकर आप अपनी ख़ूबसूरती से सभी का दिल जीत सकती हैं। ऐसी नथ की डिजाइन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी। अगर आप अपने ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट के साथ पहनने के लिए नोज पिन देख रही हैं, तो आपके लिए ये खबर बेस्ट हो सकती हैं।

## चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के दौरान इन बातों का रखें ख्याल

चेहरे पर दिखने वाले अनचाहे बाल आपकी खूबसूरती को कम कर देते हैं। ये बाल होंठ, ठोड़ी और गालों पर अक्सर नजर आते हैं। इन बालों से छुटकारा पाने के लिए आप कई तरीके अपनाती हैं, जिनमें वैक्सिंग, थ्रेडिंग, रेजर, हेयर रिमूवल क्रीम या प्लकिंग शामिल हैं। लेकिन, इन तरीकों आजमातेसमय कुछ बातों का खास ख्याल रखना बहुत ज़रूरी है।
आपको चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, इससे जुड़ी जानकारी जरूरी है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी त्वचा हेल्दी और चमकदार रहे, तो चेहरे के अनचाहे बालों को हटाते समय इन बातों का खास ध्यान जरूर रखें।

### अपनी स्किन टाइप को समझें

चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने से पहले यह समझें कि आपकी स्किन किस टाइप की है। हर किसी की स्किन अलग होती है, और किसी भी उपाय को आजमाने से पहले यह जानना जरूरी है कि आपकी त्वचा किस प्रकार की है, ताकि स्किन को किसी तरह



का नुकसान न हो।

### त्वचा को अच्छी तरह करें साफ

किसी भी तरह के उपाय को करने से पहले अपनी त्वचा को सही तरीके से तैयार करें। चेहरे को आप क्लींजर की मदद से साफ करें, ताकि स्किन पर जमी धूल और अतिरिक्त तेल अच्छी तरह से हट जाए। ऐसा करने से किसी भी उपाय को करते समय त्वचा को नुकसान होने का खतरा कम हो जाएगा। चेहरे के बालों को हटाने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आप त्वचा को हाइड्रेट करें। ऐसा करने से स्किन ड्राई नहीं होगी, साथ ही चेहरे पर ग्लो भी आएगा।

### कार्नर न्यूज

### डिजीटल दौर में एप से लीजिए अपने फैशन की टिप्स

## बेस्ट ग्रूमिंग एप आपकी स्टाइलिंग को दिलाएंगे हमेशा फुल मार्क्स, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे

अपने बेस्ट लुक के लिए आप जरूर कुछ न कुछ टिप्स आजमाते होंगे। कभी स्टाइलिस्ट तो कभी सैलून में एक्सपर्ट की राय भी आप खूब लेते होंगे। लेकिन आपका ग्रूमिंग एक्सपर्ट अगर आपके फोन पर हो तो? बात अजीब लगेगी लेकिन ऐसा सच में है।अब ऐसे कई एप लॉन्च हो चुके हैं जो आपकी ग्रूमिंग को कम नहीं पड़ने देंगे। आपको अपनी स्टाइलिंग और ग्रूमिंग फुल मार्क्स मिलना तय ही समझिए। अपनी ग्रूमिंग पर काम कर रहे हैं तो इन एप को कम से कम एक बार जरूर इस्तेमाल कर लीजिए। कौन-कौन से हैं ये ग्रूमिंग एप, जानिए और अपने लिए चुनिए

### कूल गाय

ये एक एप आपको अपने कलेक्शन और पसंद के हिसाब से कपड़े चुनने का मौका देता है। इसमें आपको दुनिया भर के फैशन ब्लॉगर्स के टिप्स भी जानने का मौका मिलेगा। इसके साथ आपको अपने पसंदीदा फैशन ब्रांड्स पर आने वाली सेल के बारे में भी पहले से ही पता चल जाएगा। ताकि आप पसंदीदा कपड़े



सस्ते दामों पर खरीद सकें। ये एप बिलकुल फ्री है।

### मेंस हेयर स्टाइल

अपने बालों को लेकर आप अक्सर ही सोच में पड़ जाते हैं कि आखिर इनका स्टाइल रखें कैसा? तो ये एक एप आपके लिए ही है। इस एप से आप अपने ऊपर सूट होने वाले नए ट्रेंडी हेयर स्टाइल को जान पाएंगे। इसमें आप वर्चुअली 140 हेयरस्टाइल और 98 बियर्ड स्टाइल अपने ऊपर आजमा सकते हैं। इस तरह आपको अपने ऊपर बेस्ट लगने वाले हेयर स्टाइल के बारे में पता चल जाएगा।

### नेकटाई डीलक्स

ये एक ऐसी एप है जो आपको टाई की तरह-तरह की नॉट के बारे में बताती है। टाई की नॉट



अक्सर ही पुरुषों के लिए बड़ी समस्या होती है, ऐसे में ये एप आपकी खूब मदद करेगी।
नॉट बांधने के एक दर्जन से ज्यादा तरीके होते हैं। ये एप आपको इन तरीकों में से आपके लिए बेस्ट का सुझाव तो देगी ही, इससे हर आउटफिट के साथ अलग-अलग नॉट के टिप्स भी आपको मिल जाएंगे।

### बियर्डीफाई

दाढ़ी मूछों का पुरुषों के बीच क्रेज है, ये बताने की तो जरूरत है ही नहीं। अब इसके लिए उनको बियर्ड का सही और सूट करने वाले स्टाइल का पता होना चाहिए। बस यही काम ये एप करता है। ये आपको दाढ़ी मूछों का बेस्ट स्टाइल बताएगा, इसके लिए आपको अपनी पिक अपलोड करनी होगी, फिर बस आपको मिल जाएंगी बेस्ट टिप्स।

### स्टाइल डॉट कॉम

अगर आप फैशन की दुनिया का हिस्सा भी हैं तो ये एक एप आपके बहुत काम आने वाला है। इसमें फैशन और मॉडलिंग से जुड़े अपडेट आसानी से मिल जाते हैं। इसमें आपको ने ट्रेंड्स का अंदाजा भी लगेगा और स्ट्रीट स्टाइल फैशन का भी।